manufacturers Of:
PUNJAB GOLD
Brand
ATTA, MAIDA, SUJI & BRAN
SAMANA ROLLER FLOUR MILLS LTD.
Work & Regd. Office: Patiala Road
Samana- 147101, Distt- Patiala (PUNJAB)
Tel: 01764221064, 222789, 224289
Mob-09815547571

सीधी, रीवा, सिंगरौली, भोपाल, शहडोल एवं नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समय

गांधीवादी आदर्शों पर आधारित समाजवादी समाज रचना का प्रखर हिन्दी दैनिक

पौष्टिक एवं शुद्ध
हाथी
ब्राण्ड आटा बेसन
Mfd by: Jugal Kishore harbans Lal
B-40/1&2, Lawrence Road, Industrial area,
Delhi-110035
Phones: 27180252, 2718583, 27180871, 27106565

वर्ष- 70 | अंक- 238 | MP/SDLDN/0002/2013-15 | सीधी, बुधवार 31 मई 2023 | संवत- 2079, ज्येष्ठ शुक्ल 12 | E-mail: samayapress@gmail.com | पृष्ठ संख्या- 8 | मूल्य- 3.50 रुपए

संक्षिप्त समाचार

एअर इंडिया की फ्लाइट में क्रू मेंबर से मारपीट पैसेंजर ने गालियां दीं

नई दिल्ली एजेंसी। एअर इंडिया विमान में एक बार फिर क्रू मेंबर के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। एक पैसेंजर ने यात्रा के दौरान क्रू मेंबर के साथ मारपीट करते हुए गालियां दीं। यह जानकारी एअर इंडिया के स्पोक्सपर्सन ने दी है। उन्होंने बताया कि घटना 29 मई की है। इसकी शिकायत DGCA से की गई है। एयरलाइन कंपनी की तरफ से जारी बयान में बताया गया कि 29 मई को फ्लाइट संख्या AI882 गोवा से नई दिल्ली आ रही थी। इसमें सवार पैसेंजर ने अचानक क्रू मेंबर के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। उसे रोकने की कोशिश की गई तो उसने मारपीट शुरू कर दी। दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद भी यात्री क्रू मेंबर से बदसलूकी कर रहा था। उसे सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया गया। हालांकि एअर इंडिया ने अपने बयान में ये नहीं बताया कि पैसेंजर ने किस वजह से विवाद किया। घटना की शिकायत DGCA से की गई है, लेकिन पुलिस से नहीं।

अधूरे फ्लाईओवर पर कार दौड़ाई, 30 फीट नीचे गिरा, दर्दनाक मौत

नई दिल्ली एजेंसी। नॉर्थ दिल्ली के बारापुला-नोएडा लिंक रोड इलाके में एक निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर कार समेत गिरने से 42 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार को हुआ। मृतक का नाम जगनदीप सिंह है, जो दिल्ली के कृष्णा नगर का रहने वाला था। वह ऑफिस से लौट रहा था। 30 फीट नीचे गिरने से जगनदीप की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आशंका जताई है कि वह नशे में था, इसलिए रास्ते को लेकर कन्फ्यूज हो गया और निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर चला गया। हादसे के बाद शुक्रवार रात करीब 8.20 बजे एक राहगीर फुरकान ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और जगनदीप को चकनाचूर हो चुकी कार से निकालने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं निकाल सके।

राज्यपाल की अध्यक्षता में उज्जैन में मनेगा तेलंगाना का स्थापना दिवस

भोपाल नप्र। राज्यपाल मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता में एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम अतंर्गत तेलंगाना राज्य के स्थापना दिवस 2 जून, 2023 को अखण्डता का उत्सव उज्जैन में कीर्ति मंदिर विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में होगा। कार्यक्रम में तेलंगाना राज्य के संक्षिप्त इतिहास, राज्य गीत से संबंधित लघु वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया जायेगा। तेलंगाना राज्य के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी होगा। तेलगु संगम, तेलगु सांस्कृतिक परिषद् और राज्य में निवासरत तेलगु समुदाय के स्त्री-पुरुष उत्सव में शामिल होंगे। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा ने बताया कि तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस समारोह देश के विभिन्न प्रदेशों के निवासियों के बीच आपसी समझ एवं संवाद विकसित करने की पहल है। राज्य के मूल निवासियों को कार्यक्रम में आमंत्रित कर, उनकी कला, संस्कृति और इतिहास को साझा करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान गणेश वंदना और अन्नमाचार्य कीर्तन गोविंदा गोविंदा यानी कोलुवारे का गायन श्रीमती चंदनासिद्धार्थ तेलंग द्वारा किया जायेगा।

पहलवानों ने गंगा में नहीं बहाए मेडल: टिकैत के कहने पर माने बजरंग, साक्षी-विनेश ने उन्हें मेडल्स सौंपे, सरकार को 5 दिन का अल्टीमेटम

नई दिल्ली एजेंसी। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना देने वाले पहलवानों ने हर की पौड़ी में अपने मेडल गंगा में बहाने का फैसला बदल दिया है। पहलवान मेडल बहाने के लिए हरिद्वार पहुंच गए थे। इसका पता चलते ही भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत वहां पहुंचे। पहलवानों से बात कर उन्होंने केंद्र सरकार को कार्रवाई के लिए 5 दिन का अल्टीमेटम दिया है। टिकैत ने उनसे मेडल्स और मोमेंटो वाली पोटली

भी ले ली है। उन्होंने कहा कि इन्हें राष्ट्रपति को देंगे। सभी खिलाड़ी हरिद्वार से घर के लिए रवाना हो गए हैं। इससे पहले साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट करीब एक घंटे तक हर की पौड़ी में बैठकर मेडल पकड़े रोते रहे। इससे पहले गंगा समिति पहलवानों के खिलाफ खड़ी हो गई थी।

उनका कहना था कि ये (हर की पौड़ी) पूजा-पाठ की जगह है, राजनीति की नहीं। बता दें, ये पहलवान बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी के लिए जंतर-मंतर पर धरना दे रहे थे। रविवार को पुलिस से हुई झड़प के बाद ये जंतर-मंतर से लौट आए थे।

रेसलर साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मेडल्स गंगा में प्रवाहित करने के बाद इंडिया गेट पर आमरण अनशन करेंगे। हमने पवित्रता से इन मेडल को हासिल किया था। इन मेडल को पहनाकर तेज सफेदी वाला तंत्र सिर्फ अपना प्रचार करता है। फिर हमारा शोषण करता है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को नहीं लौटाएंगे, क्योंकि उन्होंने हमारी कोई सुध नहीं ली। इस बीच, बृजभूषण शरण सिंह ने 5 जून को अयोध्या में महारैली बुलाई है। इसमें संत भाग लेंगे। बृजभूषण और संतों का कहना है कि पॉक्सो एक्ट का फायदा उठाकर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

अजा एवं अजजा वर्ग के उद्यमियों को स्टार्ट-अप के लिये 18 से 72 लाख रूपये की सहायता मिलेगी

■ दमोह में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय के लिए 266 करोड़ 71 लाख रूपये की स्वीकृति

भोपाल नप्र। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद द्वारा म.प्र स्टार्ट-अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना-2022 में संशोधन कर महिलाओं के समान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमियों को भी सुविधाएँ प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित स्टार्ट-अप को प्राप्त फंडिंग/निवेश पर कुल 18 प्रतिशत अधिकतम रूपये 18 लाख की सहायता एवं चार चरण में अधिकतम रूपये 72 लाख की सीमा में देय होगी। अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के उद्यमी द्वारा प्रवर्तित स्टार्ट-अप में उनकी भागीदारी 51 प्रतिशत होनी चाहिए। मंत्रि-परिषद ने दमोह में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किये जाने के लिए परियोजना परीक्षण समिति की अनुशंसा अनुसार निर्माण कार्यों के लिये 266 करोड़ 71 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की। दमोह, टीकमगढ़ एवं पन्ना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के अनुसार दमोह के मध्य में स्थित होने तथा इन तीनों क्षेत्रों से अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों की दूरी लगभग 100 कि.मी. से अधिक होने के कारण इस निर्णय से दमोह तथा समीपस्थ जिलों की जनता को तृतीयक स्तर की चिकित्सकीय सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही प्रदेश के छात्रों के लिये चिकित्सा क्षेत्र की 100 एम.बी.बी.एस. सीट्स की भी वृद्धि हो सकेगी। मंत्रि-परिषद ने वन्य-प्राणियों द्वारा की जाने वाली जनहानि, जनघायल करने एवं पशुहानि पर दी जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि 4 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये करने के वन विभाग के आदेश का कार्योत्तर अनुमोदन किया। नवीन योजना में गठित सक्षम समिति की सिफारिश पर मंजूर की जाने वाली राशि न्यूनतम 25 हजार से लेकर अधिकतम 1 लाख रूपये तक की जाना है, जिसमें कलाकार/साहित्यकार की मृत्यु की स्थिति में उनके उत्तराधिकारी को एकमुश्त अधिकतम एक लाख तथा चिकित्सा उपचार के लिए अधिकतम 50 हजार रूपये दिए जा सकेंगे। शारीरिक रूप से दिव्यांग कलाकार / साहित्यकार को दिव्यांगता के उपचार के लिए अधिकतम एक लाख रूपये दिये जा सकेंगे।

साहित्यकारों एवं कलाकारों को 25 हजार से 1 लाख रूपये मिलेगी सहायता राशि

मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के जरूरतमंद साहित्यकारों एवं कलाकारों की लम्बी तथा गंभीर बीमारी, दुर्घटना, दैवीय विपत्ति एवं मृत्यु हो जाने की स्थिति में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए संस्कृति विभाग में संचालित योजना कलाकार कल्याण कोष को संशोधित करते हुए, नवीन मध्यप्रदेश कलाकार कल्याण कोष नियम-2023 जारी करने की स्वीकृति प्रदान की। पहले की योजना में प्रदेश के जरूरतमंद साहित्यकारों एवं कलाकारों को गंभीर बीमारी, दुर्घटना, दैवीय विपत्ति एवं मृत्यु हो जाने की स्थिति में 500 से 5 हजार रूपये तक की सहायता देने का ही प्रावधान था।

ताप एवं जल विद्युत गृहों में नवीनीकरण के लिये 85 करोड़ 35 लाख का अनुमोदन

वर्ष 2012 में राष्ट्रीय ग्रिड में खराबी आने के बाद केन्द्र सरकार ने ट्रांसमिशन प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए स्थापित पॉवर सिस्टम डेवलपमेंट फण्ड से म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के विदयुत गृहों में स्थित 400/220 के. व्ही. सब स्टेशनों में विभिन्न कार्य जिनकी कुल लागत 85 करोड़ 35 लाख रूपये है, का अनुमोदन मंत्रि-परिषद द्वारा दिया गया। इस कार्य के लिए राज्य मंत्रि-परिषद ने शासन द्वारा 6 करोड़ 54 लाख रूपये अंशपूँजी के रूप में, पॉवर सिस्टम डेवलपमेंट फण्ड से 58 करोड़ 86 लाख रूपये अनुदान के रूप में तथा म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी द्वारा 19 करोड़ 95 लाख रूपये उपलब्ध कराए जाने का अनुमोदन किया।

अन्य निर्णय: मंत्रि-परिषद ने नर्मदा घाटी विकास विभाग के 6 हजार 474 अस्थाई पदों की 31 मार्च 2026 तक के लिए निरंतरता का अनुमोदन करते हुए नर्मदा घाटी विकास विभाग को प्राधिकृत किया।

वैष्णो देवी में दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों की बस खाई में गिरी, 10 लोगों की मौत

श्रीनगर एजेंसी। आज (मंगलवार) सुबह जम्मू-कश्मीर में एक बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे 10 यात्रियों की मौत हो गई तथा कई लोगों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। यह घटना जम्मू-श्रीनगर के राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस समय हुई जब यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में गिर गई। बस अमृतसर से कटरा जा रही थी, जिसमें वैष्णो देवी में दर्शन के लिए जा रहे अधिकांश यात्री सवार थे। सभी यात्री बिहार के थे। मृतकों के शव पंचनामे के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए हैं। घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बस दुर्घटना जम्मू जिले के कटरा से करीब 15 किलोमीटर दूर झज्जर कोटली के पास हुई। डीसी जम्मू अवनी लवासा ने बताया कि 10 लोग मारे गए हैं, और 4 अन्य गंभीर घायल हैं। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल लोगों को जीएमसी जम्मू लाया गया है। 12 अन्य को स्थानीय सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना कैसे हुई अभी इसकी जानकारी नहीं हुई है। केस दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी गई है। जिन यात्रियों को होश है, उनसे पूछाछ की जा रही है। बस सफेद और गुलाबी रंग की थी और उस पर प्रिंस ट्रैवल्स लिखा था। जैसे ही हमें सुबह दुर्घटना की जानकारी मिली। तुरंत हमारी टीम ने यहां पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। शवों को निकाला गया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस की टीम भी हमारे साथ रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी है।

रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि बस में बिहार के लोग थे जो कटरा जा रहे थे। पिछले हफ्ते दक्षिण कश्मीर के बारसू अवंतीपोरा में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक पर्यटक बस पलट गई थी। इसमें 5 लोग घायल हो गए थे। एक अन्य दुर्घटना में अवंतीपोरा इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सीआरपीएफ के वाहन को टक्कर मार दी। इसमें 3 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

श्योपुर में उफान पर नदी-नाले: भोपाल, ग्वालियर और भिंड में तेज बारिश, ओले गिरे

भोपाल नप्र। मध्यप्रदेश में बेमौसम बारिश का दौर जारी है। मंगलवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ पानी गिरा। कुछ इलाकों में ओले भी गिरे है। राजधानी भोपाल में दोपहर बाद बादल छा गए और शाम को बारिश होने लगी। ग्वालियर में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। वहीं रतलाम के जावरा, मंदसौर, नीमच, गुना, राजगढ़ और भिंड में दोपहर को तेज बारिश हुई। श्योपुर में तो नदी नाले उफान पर आ गए। जिससे आवाजाही प्रभावित हुई है। श्योपुर जिले में मंगलवार को तेज हवा के साथ तेज पानी गिरा। इतनी तेज बारिश हुई कि विजयपुर इलाके में नदी नालों उफान पर आ गए। जिसके चलते विजयपुर इलाके का शिवपुरी, मुरैना, श्योपुर और ग्वालियर से संपर्क कट गया। बैर का पटपडा नदी और ऊपचा गांव के नाले में करीब 1 बजे उफान आया। शाम 5 बजे के बाद भी नाले का जल स्तर कम नहीं हुआ। इस वजह से नाले के दोनों किनारों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई।

प्रदेश में सामान्य से 348% ज्यादा बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में 1 मार्च से अब तक 77.1 मिमी बारिश हो चुकी है। यह अब तक की सामान्य बारिश 17.2 से 348 प्रतिशत ज्यादा है। भोपाल जिले में अब तक 121.3 मिमी बारिश हो चुकी है। यह अब तक की सामान्य बारिश 21 मिमी से 477 प्रतिशत ज्यादा है। दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के साथ तीन सिस्टम का प्रभाव है।

मणिपुर हिंसा: चानू समेत 11 खिलाड़ियों ने कहा- मेडल लौटा देंगे, केंद्र से गुहार- शांति जल्द बहाल हो

मणिपुर एजेंसी। मणिपुर में 3 मई से हिंसा जारी है। अब तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच ओलिंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू सहित मणिपुर की 11 खेल हस्तियों ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। इन लोगों ने अमित शाह से राज्य में जल्द शांति बहाल करने की मांग की है। इन्होंने कहा है कि अगर स्थिति सामान्य नहीं हुई तो वे अपने अवॉर्ड और मेडल लौटा देंगे।

लेटर पर दस्तखत करने वालों में मीराबाई चानू, पद्म पुरस्कार विजेता वेटलिफ्टर कुंजारानी देवी, पूर्व भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान बेम बेम देवी और मुक्केबाज एल सरिता देवी शामिल हैं। इधर, मंगलवार सुबह चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पुणे में कहा कि मणिपुर में हालात सामान्य होने में थोड़ा वक्त लगेगा। जनरल चौहान ने कहा- राज्य में हिंसा दो जातियों के बीच संघर्ष का परिणाम है। इसका उग्रवाद से कोई लेना-देना नहीं है।

कांग्रेस विधायक के आधा दर्जन ठिकानों पर छापेमारी

रांची एजेंसी। झारखंड के कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव से जुड़े आधा दर्जन ठिकानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। झारखंड राज्य के पोड़ैयाहाट विधानसभा सीट से विधायक श्री यादव के ठिकानो पर नवंबर, 2022 में आयकर विभाग ने छापेमारी की थी। उस वक्त प्रदीप यादव व उनके करीबी होटल व्यवसाई श्यामा कांत यादव के होटल स्काई ब्लू में भी छापा पड़ा था। विधायक प्रदीप यादव, विधायक अनूप सिंह सहित कई व्यवसायियों के यहां छापेमारी में आयकर विभाग ने एक सौ करोड़ की बेनामी संपत्ति का पता लगाया था। ईडी की यह छापेमारी इसी सिलसिले में बताई जा रही है। ईडी की इसी छापेमारी के बाद ही यह अनुमान लगाए जाने लगा कि पूरे मामले की मनी लांड्रिंग के तहत जांच होगी।

अभिनेता नसीरूद्दीन शाह ने कहा-

देश में मुसलमानों से नफरत करने का फैशन बन गया

मुंबई। अभिनेता नसीरुद्दीन शाह अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। बेबाक अंदाज से अपनी बात को रखने वाले नसीरुद्दीन शाह फिर से अपने बयान के लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में पढ़े लिखे लोगों के बीच भी मुसलमानों से नफरत करने का फैशन बन गया है। नसीरुद्दीन शाह ने एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें उन्होंने अपनी इस नाराजगी को जाहिर करते हुए बेबाक अंदाज में कहा कि मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत लोगों के दिमाग में चतुराई से भरी जा रही है। नसीरुद्दीन शाह ने हाल ही में कहा कि चल रही फिल्मों में वहीं दिखाया जा रहा है जो आजकल समाज में हो रहा है और ये सब इस्लामोफोबिया1 उन्होंने कहा, बेशक, यह चिंताजनक समय है। इस समय एक धर्म विशेष के खिलाफ देश में प्रोपेगेंडा फैलाया जा रहा है। फिल्म में वहीं दिख रहा है जो हमारे आसपास हो रहा है। अभिनेता ने कहा कि पढ़े-लिखे लोगों में भी मुसलमानों से नफरत करना आजकल फैशन बन गया है। लोगों ने बहुत चतुराई से ये नैरेटिव सेट किया है।

सड़क पर पलटे ट्रैक्टर से टकराई मंत्री की कार

मंत्री-ड्राइवर ग्वालियर के अस्पताल में भर्ती

भोपाल नप्र। मध्यप्रदेश के नगरीय विकास और आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया सड़क हादसे में घायल हो गए हैं। उनकी कार सड़क पर पलटे एक ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर के बाद ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। साथ ही मंत्री की कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा मंगलवार दोपहर करीब 3.25 बजे भिंड के औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में कैडबरी फैक्ट्री के सामने हुआ। मंत्री को सिर में चोट आई है। उन्हें ग्वालियर के बिड़ला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

मंत्री को सिर में चोट, पांच टांके लगाए

मंत्री भदौरिया के सिर में गंभीर चोट लगी थी। डॉक्टर अजीत सिंह का कहना है कि उन्हें प्राथमिक तौर पर पांच टांके लगाए गए हैं। अभी उन्हें आईसीयू में रखा गया है। फिलहाल वे खतरे से बाहर हैं। उन्हें अगले 24 घंटे सतत निगरानी में रखा जाएगा। उनकी सीटी स्कैन व एमआरआई रिपोर्ट सामान्य आई है।

दौरा करने ग्वालियर से निकले थे

राज्यमंत्री भदौरिया की गिनती भी कट्टर सिंधिया समर्थकों में होती है। सोमवार को दो दिवसीय प्रवास पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर आए थे। मंगलवार को उनके साथ डबरा और ग्वालियर में विभिन्न कार्यक्रमों में मंत्री

ओपीएस भदौरिया भी शामिल होने पहुंचे थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया के घर शादी समारोह में सिंधिया और ओपीएस भदौरिया पहुंचे थे। सवा तीन बजे केंद्रीय मंत्री सिंधिया से विदा लेने के बाद वे अपनी इनोवा कार में सवार होकर क्षेत्रीय दौरा करने भिंड के लिए रवाना हुए थे। उनके साथ में फॉलो वाहन भी था। मंत्री के पीएसओ राजबीर सिंह धाकड़ ने बताया कि हम लोग ग्वालियर की ओर से जा रहे थे। तभी सामने से एक ट्रैक्टर आ रहा था। वह अचानक सड़क पर पलटकर आड़ा हो गया। इससे हमारी कार टकरा गई।

कूनो से शिफ्ट नहीं होंगे चीते: दूसरा घर बनेगी मंदसौर की गांधीसागर सेंचुरी संरक्षण की ट्रेनिंग लेने नामीबिया-दक्षिण अफ्रीका जाएंगे अफसर

श्योपुर नप्र। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में मौजूद कोई भी चीता फिलहाल मध्यप्रदेश से बाहर शिफ्ट नहीं किया जाएगा। इन चीतों का दूसरा घर मंदसौर की गांधीसागर सेंचुरी बनेगी। इसके अलावा किसी विकल्प पर केंद्र सरकार विचार नहीं कर रही है। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को सीएम हाउस में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में हुई चीता प्रोजेक्ट की हाईलेबल समीक्षा बैठक में यह बात कही। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा, चीता एक्शन प्लान में स्पष्ट है कि इनकी 50 प्रतिशत आबादी ही भारत में सर्वाइव कर पाएगी। प्रोजेक्ट को पूरी तरह सफल होने में 5 साल लगेंगे इसलिए हाल में हुई कुछ मौतों से बिल्कुल घबराने की जरूरत नहीं है। बैठक में मध्यप्रदेश के वन मंत्री विजय शाह ने कूनो नेशनल पार्क में चीतों की मॉनिटरिंग में तैनात कर्मचारियों को सुरक्षा के लिए आधुनिक वाहन उपलब्ध कराने की मांग भी रखी।

सीएम बोले- कोई लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं

बैठक में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 3 चीता शावकों की असमय मृत्यु से मैं काफी चिंतित था। सोच रहा था कि चीतों की देखभाल के लिए सरकार पूरे प्रयास कर रही है, फिर भी ऐसा क्यों हुआ। लेकिन केंद्रीय मंत्री यादव की बातें सुनकर मेरे मन की चिंता अब दूर हो गई है। शावकों का सर्वाइवल रेट भले ही कम है, लेकिन हमारे प्रयासों में कमी नहीं रहेगी। सीएम ने बैठक के दौरान ही निर्देश दिए कि गांधीसागर सेंचुरी को युद्ध स्तर पर चीतों के लिए तैयार किया जाए। कोई लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। केंद्रीय मंत्री यादव ने घोषणा की कि मप्र में चीतों के संरक्षण और प्रबंधन से जुड़े अफसरों को जल्द ही केंद्र सरकार अध्ययन प्रवास पर नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका भेजेगी।

संपत्ति विवाद युवक की लात घूसों से पीट-पीटकर हत्या

भोपाल (निप्र)। राजधानी भोपाल के स्टेशन बजरिया इलाके में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक की लात घुसों से पीटकर हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना स्टेशन बजरिया अंतर्गत मकान नंबर 29 चांदबड बजरिया में रहने वाले श्रीवास्तव परिवार के सदस्यों के बीच में हुए लड़ाई झगड़े में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

बताया जाता है कि थाना स्टेशन बजरिया के चांदबड इलाके में रहने वाले जागेश्वर श्रीवास्तव का अपने ही परिवार के सदस्यों से पारिवारिक विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि जागेश्वर श्रीवास्तव ने आधा दर्जन व्यक्तियों के साथ मिलकर परिवार के ही एक युवक की इतनी बेरहमी से पिटाई लगाई कि उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि घटना 23 मई को शाम करीब 7:30 बजे की है। इस संबंध में पुलिस सूत्रों के अनुसार जागेश्वर श्रीवास्तव का झगड़ा उमाशंकर श्रीवास्तव के पुत्र गगन श्रीवास्तव से हुआ था दोनों तरफ से चले लात घुसो में गगन श्रीवास्तव को गंभीर चोटे आई थी उसे अस्पताल ले जाया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि श्रीवास्तव परिवार के बीच में हुए झगड़े में कई लोगों ने बीच बचाव भी किया किंतु वह काम नहीं आया और आरोपियों ने गगन श्रीवास्तव की इतनी बेरहमी के साथ पिटाई की कि उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना पाकर स्टेशन बजरिया पुलिस दलबल के साथ मौका पर पहुंच गई थी किंतु तब तक आरोपी वहां से भाग चुके थे तथा घायल हुए गगन श्रीवास्तव को अस्पताल पहुंचाया जा चुका था। मारपीट में बुरी तरह से घायल हुए गगन श्रीवास्तव की मौत की सूचना मिलने के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। इस संबंध में थाना स्टेशन बजरिया पुलिस ने गगन श्रीवास्तव की मौत पर आरोपी जागेश्वर श्रीवास्तव उदित श्रीवास्तव अशोक श्रीवास्तव दीपक श्रीवास्तव एवं मोदी जी वास्तव के विरुद्ध भादवि की धारा 302 एवं 34 के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

भाई भाभी और भतीजे ने की बेरहमी से पिटाई

स्टेशन बजरिया क्षेत्र में 35 वर्षीय युवक की बेरहमी से पिटाई के मामले में जांच कर रही पुलिस के सामने परिवार के ही सदस्यों के नाम आए हैं। बताया जाता है कि संपत्ति विवाद के चलते गगन श्रीवास्तव को किसी और ने नहीं बल्कि भाई भाभी और भतीजे ने ही इतनी बेरहमी के साथ पीटा कि उसकी मौत हो गई।

एयरपोर्ट से शुरु हुई सिटी बस सेवा

भोपाल (निप्र)। भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड द्वारा आज से एयरपोर्ट से मिसरोद तक के लिए बस सेवा की शुरुआत कर दी है। एयरपोर्ट से किफायती दर पर यह सेवा उपलब्ध कराई गई है इसके लिए बीसीएलएल ने एक नया रूट 106 की शुरुआत की है जो एयरपोर्ट से मिसरोद तक यानी तीस किलोमीटर तक का सफर तय करेगी। इसके लिए बस का फर्श और लाल परदे बस में लगाए गए। पहले दिन सुबह की फ्लाइट जब आई तो इस बस सेवा के जरिए 13 यात्रियों ने मिसरोद तक का सफर तय किया। इस बस से यात्रा करनेवाले मुसाफिर भी इस सेवा के शुरु किए जाने से खुश है। उनका कहना है कि टैक्सी का किराया 500 रुपए तक होता है जबकि मिसरोद तक का 30 किमी तक का सफर सामान्य किराए में यानी 45 रुपए में पूरा हो गया। साथ ही इस सेवा को जारी रखे जाने की वकालत की है। बता दें रोजाना बीसीएलएल की इस सेवा के जरिए सात-सात फेरे दोनों तरफ से लगाए जाएंगे।

पहले दिन 13 यात्रियों ने किया मिसरोद तक का सफर

20 हजार की चोरी करने वाले के पास से 25 लाख का माल बरामद

भोपाल (निप्र)। ठेकेदार के घर चोरी करने वाले एकता चोर को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसके कब्जे से 11लाख रुपए का माल बरामद किया है।इस मामले में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 25 लाख रुपये मिले। 20 हजार की चोरी के मामले में इतनी बड़ी रकम जब्त होने पर पुलिस को संदेह हुआ। युवकों से कड़ाई से पूछताछ की गई। इसमें पता चला कि चोरी का प्लान लखराम की पूर्व सरपंच और ठेकेदार की बड़ी बहन रुखमणी साहू ने गिधौरी के पूर्व सरपंच शिवनारायण साहू और अपने साथियों के साथ मिलकर बनाया।

बताया जाता है कि मामले में जेल जाने के लिए तीन युवकों को एक-एक लाख रुपये देने का प्रलोभन दिया था। मामला सामने आने पर पुलिस ने पूर्व सरपंच समेत सात आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 41 लाख से अधिक रुपये जब्त किए। वहीं, गिधौरी का पूर्व सरपंच अपने एक साथी के साथ फरार हो गया। पुलिस की टीम दोनों की तलाश कर रही थी। रविवार की रात पुलिस ने एक आरोपित गोलू साहू को जबलपुर में हिरासत में लिया है। आरोपित के कब्जे से 11 लाख रुपेय मिले हैं। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। इधर पूर्व सरपंच शिवनारायण अब तक फरार है।अब तक 50 लाख रुपये से अधिक रकम जब्त कर ली है। वहीं, महिला रुपयों को अपना होने से इन्कार कर रही है। पुलिस का मानना है कि फरार उपसरपंच के गिरफ्तार होने पर मामला स्पष्ट होगा।मंगला के अभिषेक विहार में रहने वाली सरोजनी साहू ने आठ दिन पहले रविवार को चोरी की शिकायत की है। महिला ने बताया कि वह परिवार के साथ वाटर पार्क गई थी। इसी दौरान चोरों ने उसके घर से 20 हजार रुपये और सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर पहले तीन आरोपित को हिरासत में लिया।

नौ सरकारी मेडिकल कालेजों में बनेगी एमडीआरयू

भोपाल (नप्र)। मप्र के नौ सरकारी मेडिकल कालेजों में मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट (एमडीआरयू) बनेगी। सरकारी मेडिकल कालेजों में शोध को बढ़ावा देने के लिए एक ही जगह पर अनुमति सहित सभी सुविधाएं मिल जाएंगी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और रीवा में पहले से यह यूनिट संचालित हो रही हैं। बाकी नौ सरकारी मेडिकल कालेजों में भी शुरू करने का प्रस्ताव है। प्रति यूनिट वर्ष में डेढ़ से दो करोड़ रुपये शोध के लिए भारत सरकार से मिलते हैं।मेडिकल कालेजों में शोध शुरू करने में सबड़ी बड़ी दिक्कत बजट की आती है। कालेज की स्वशासी समिति द्वारा प्रति वर्ष के लिए लगभग 25 लाख रुपये तक का प्रविधान किया जाता है, पर यह राशि कम होने के कारण शोध नहीं हो पाते। बजट नहीं होने मेडिकल विद्यार्थियों के लिए शोध में सबसे ज्यादा दिक्कत आती है। अभी मेडिकल कालेजों में शोध के लिए आइसीएमआर या अन्य सरकार संस्थानों से राशि मिलती है। इसमें भी ज्यादातर बड़े शोध के लिए ही राशि मिल पाती है।

मंत्री सारंग और डॉ. चौधरी ने किया जीएमसी में नॉलेज हब का शुभारंभ

भोपाल नप्र। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने मंगलवार को गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य हीमोग्लोबिनपैथी मिशन में ईको इंडिया के सहयोग से बीटा थैलेसीमिया और हीमोग्लोबिनोपैथी के नियंत्रण और रोकथाम के लिये क्षमतावर्धन के लिये नॉलेज हब का शुभारंभ किया। मंत्री सारंग ने कहा कि नॉलेज हब के माध्यम से बीटा थैलेसीमिया सहित विभिन्न रक्त विकारों की पहचान, उपचार एवं रोकथाम में सहायता मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि सिकल सेल, एनीमिया जैसी गंभीर रक्तजनित बीमारियों की रोकथाम के लिये राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में निरंतर कार्य किया जा रहा है। एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास, डीएमई डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, ईको इंडिया के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. सुनील आनंद, डीन गांधी चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. अरविंद राय, हमीदिया अस्पताल अधीक्षक डॉ. आशीष गोहिया सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे। मंत्री सारंग ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं ईको इंडिया द्वारा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में नॉलेज हब की स्थापना की गई है। इससे प्रदेश के 50 जिलों में बीटा थैलेसीमिया और हीमोग्लोबिनोपैथी पर केंद्रित चिकित्सकों की क्षमता वृद्धि कार्यक्रम में 150 डॉक्टर्स के शुरूआती समूह के लिए प्रशिक्षण-सत्र शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में मेडिकल के साथ ही इंजीनियरिंग के समावेश से सुदूर इलाकों के चिकित्सकों को भी गंभीर बीमारियों के उपचार में सहायता मिलेगी।

बौछारें पड़ने से और ठंडे पड़े नौतपा के तेवर

भोपाल (निप्र)। अलग-अलग स्थानों पर बनी तीन मौसम प्रणालियों के असर से प्रदेश के विभिन्न शहरों में गरज-चमक के साथ वर्षा होने का सिलसिला जारी है। इससे नौतपा में पूरे प्रदेश में गर्मी के तेवर ठंडे पड़े हुए हैं। रविवार-सोमवार की दरमियानी रात तीन बजे से राजधानी सहित कई जिलों में 65 किलोमीटर से अधिक की रफ्तार से हवाएं भी चलीं। इससे न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई।

उधर पिछले 24 घंटों के दौरान सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे तक गुना में 36.8, छिंदवाड़ा में 32.2, रीवा में 29.4,सागर में 15.6, रतलाम में 15, उज्जैन में 14, सतना में 11.2, खजुराहो में छह,नौगांव में छह, सीधी में 5.2, इंदौर 4.5, भोपाल 4.3,सिवनी में 2.2, रायसेन में दो, दमोह में एक, मंडला में 0.8, धार में 0.1 मिलीमीटर वर्षा हुई। नर्मदापुरम में बूंदाबांदी हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक सोमवार को दोपहर के बाद भी गरज-चमक के साथ वर्षा होने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश तक एक द्रोणिका लाइन बनी हुई है। उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक एक अन्य द्रोणिका लाइन बनी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि अलग-अलग स्थान पर बनी इन तीन मौसम प्रणालियों के अलावा अरब सागर में अभी भी एक प्रति चक्रवात बना हुआ है।

स्वास्थ्य कर्मचारियों की महापंचायत

भोपाल । सेकंड स्टॉप स्थित अंबेडकर पार्क में आज स्वास्थ्य कर्मचारियों की महापंचायत हुई जिसमें सरकार से उनकी मांगों को समय रहते पूरा करने का आव्हान किया गया। महापंचायत के दौरान तय हुआ है कि यदि सरकार ने चुनाव के पहले उनकी मांगों पर विचार नहीं किया तो आनेवाले चुनाव में इसका खामियाजा सत्ताधारी दल को भुगतना होगा। इस दौरान महापंचायत में मोजूद स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी भी की।

मुख्यमंत्री चौहान ने जानापाव में किया परशुराम लोक के निर्माण का भूमि-पूजन

भोपाल नप्र। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज इंदौर जिले की पावन स्थली जानापाव में भगवान परशुराम लोक के निर्माण का भूमि-पूजन किया। उन्होंने भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव की पहाड़ी तक नर्मदा जल लाने तथा रोप-वे लगाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जानापाव में 10 करोड़ 32 लाख रूपये की लागत से परशुराम लोक का निर्माण कर तीर्थ-स्थल सर्व सुविधाओं से युक्त बनाया जायेगा, जिससे श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिले। मुख्यमंत्री चौहान ने भगवान परशुराम की जन्म-स्थली तथा अनेक

नदियों के उद्गम स्थली जानापाव में भगवान परशुराम के नव-निर्मित मंदिर में पूजा-अर्चना कर पवित्र जल कुण्ड के दर्शन किये। उन्होंने कहा कि गत अप्रैल माह में जब मैं यहाँ आया था, तभी यहाँ परशुराम लोक बनाए जाने की घोषणा की थी। लगभग एक माह की अवधि में ही घोषणा पर अमल प्रारंभ कर दिया है। विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये स्वीकृति देकर आज भूमि-पूजन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि देश संविधान से चलता है, लेकिन धर्म उसका आधार होता है। प्राचीन काल में भी शासक वर्ग पनघट, मंदिर, धर्मशाला एवं सार्वजनिक प्रयोजन के निर्माण कराते थे। राज्य सरकार भी विकास के विभिन्न कार्यों के साथ विभिन्न धर्म-स्थलों का विकास भी करा रही है।

उन्होंने कहा की जनता के विकास और सुविधाओं के लिए योजना भी बने और ऐसे पावन लोक भी बनें। इस दिशा में राज्य सरकार सचेष्ट होकर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी ऊँची पहाड़ी पर माँ नर्मदा का जल लाना एक कठिन कार्य है, लेकिन विभिन्न चरणों में पंपिंग के द्वारा यहाँ नर्मदा का जल लाया जाएगा।

अचानक सागर जिले के गोपालगंज थाने पहुंचे डीजीपी

भोपाल नप्र। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर प्रदेशभर में कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और अपराधों पर नियंत्रण के लिए मप्र पुलिस निरंतर कार्य कर रही है। डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना निरंतर कानून व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को अपराधों पर अंकुश लगाने और नागरिकों को न्याय दिलाने के निर्देश दे रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को डीजीपी सक्सेना ने सागर जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिले में अपराधों की समीक्षा की और सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से उन्होंने कहा कि महिला संबंधी अपराधों के प्रकरणों में प्रभावी कार्रवाई करें। डीजीपी सक्सेना ने पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मकरोनिया, सागर पहुंचकर नवनियुक्त नवआरक्षकों से संवाद भी किया। मंगलवार को डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना सागर जिले के गोपालगंज थाने का औचक निरीक्षण करने पहुंचे।

भोपाल पुलिस कमिश्नरेट ने ओवर ऑल चैम्पियनशिप की ट्राफी प्राप्त की

भोपाल नप्र। 62वीं अंतर जिला पुलिस मध्य जोन क्रीड़ा प्रतियोगिता जिला विदिशा में दिनांक 27 मई से 29 मई तक आयोजित टूर्नामेंट में भोपाल पुलिस कमिश्नरेट, देहात भोपाल, विदिशा, सीहोर, हरदा, होशंगाबाद, भोपाल दूरसंचार, पुलिस एकेडमी भौरी, रायसेन, राजगढ़ की कुल 10 टीमों ने भाग लिया, जिसमें नगरीय पुलिस भोपाल के कुल 46 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता मे भोपाल पुलिस कमिश्नरेट को ओवर ऑल चेम्पियनशिप की ट्राफी दिलाने वाले खिलाडियों को पुलिस उपायुक्त मुख्यालय विनीत कपूर द्वारा सम्मानित किया गया तथा ऑल ओवर चेम्पियनशिप ट्रॉफी के लिये बधाई व शुभकानाएं दी गई एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया गया। 62वीं अंतर जिला पुलिस मध्य जोन क्रीड़ा प्रतियोगिता में बॉक्सिंग, हेवी वेट, ताइक्वांडो, वॉलीबाल, हेंडबाल, हॉकी, साईकिलिंग, स्विमिंग इत्यादि खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें भोपाल पुलिस कमिश्नरेट की टीम के खिलाडियों द्वारा हॉकी में प्रथम पुरस्कार, वॉलीबाल में प्रथम पुरस्कार, हेंडबाल मे प्रथम पुरस्कार एवं बास्केटबॉल मे द्वितीय पुरस्कार, फुटबाल में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। साथ ही ओवर आल चेम्पियनशिप की ट्रॉफी भोपाल पुलिस कमिश्नरेट को प्राप्त हुई।

आपके सीधी शहर में नये हास्पिटल की सौगात.....
सीधी हास्पिटल व्यंकटेश्वर भवन
पता -: सीधी हॉस्पिटल श्री वेंकटेश भवन
न्यू बस स्टैंड के पास रीवा रोड सीधी (म.प्र.)
मो. 9425179590, 6232799939, 8700227976
हृदय रोग के मरीज ध्यान दें
प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को उपलब्ध रहेंगे डॉक्टर
डॉ. हरिशंकर प्रताप सिंह चंदेल
M.D.D.M. Cardiology (Gold medlist)
डायरेक्टर – हृदय रोग विशेषज्ञ,आदित्य हॉस्पिटल
जबलपुर डायरेक्टर – प्राइम हार्ट क्लिनिक, गैलेक्सी
हॉस्पिटल संपर्क सूत्र : 9329288665, 0761 – 4218312
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
डॉ. बृजेश तिवारी
(M.B.B.S., MS, Mch)
गुर्दा,पथरी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ पूर्व शा.एम.वाई. हॉस्पिटल इंदौर, असिस्टेंट प्रोफेसर यूरोलॉजी सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल रीवा
प्रत्येक माह के तृतीय रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
डॉ. सर्वेश सक्सेना
एम.पी.पी.एस.(ओस एण्ड गायनी) स्त्री रोग एवं बाझपन विशेष स्कोपिक सर्जन टेस्टट्यूब बेबी प्रशिक्षित, बॉस्टन अमेरिकन, पूर्व चिकित्सक बाम्बे हॉस्पिटल, मुम्बई
प्रत्येक बुधवार को उपलब्ध रहेंगे।
डॉ. कृपाशंकर मिश्र
M.B.B.S., D. (Ortho),
जज्वाइंट रिप्लेस्मेन्ट एवं स्पोर्ट, इन्फेक्शन विशेषज्ञ
प्रत्येक रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
डॉ. शुभम मिश्रा
(सहायक प्रबंधक प्राध्यापक संजय गांधी हॉस्पिटल रीवा)
M.B.B.S., M.S. (Orthopaedics), Fellowship in Joint replacement (FIJR, Delhi) Fellowship in ostoarticular infection (FIOI, Mumbai)

न्यू मिश्रा नर्सिंग होम सीधी म.प्र.
बांझपन एवं टेस्ट ट्यूब बेबी जांच
नि:सन्तान दम्पति संतान
असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराये
नि:सन्तान दम्पति-संतान सुख के लिए, कृत्रिम गर्भाधान पुरुष बांझपन, इनविट्रोफर्टिलाइजेशन (Test Tube Baby) मशीनों द्वारा अंडकोष से शुक्राण लेकर गर्भाधान कराना, (इक्सी), आई यू आई सुपर ओव्यूलेशन प्रजिंग हार्मोन, जांच शुक्राणु बैंक लेप्रोस्कोपी एवं हिस्ट्रोकोपी (दूरबीन विधि)

विन्ध्य क्षेत्र के प्रसिद्ध
डॉ. बीना मिश्रा
M.B.B.S. DGO, INFERTILITY SPECIALIST, GYNOLOGICAL ENDOSCOFIST
8224008614, 8120395151

School Code : 352034 Affiliated to MPBSE
ABODH BAL SHIKSHA NIKETAN HIGH SCHOOL SIDHI (M.P.)
CBSE Pattern
An English/ Hindi Medium School
OUR SPECIALITIES
Secured and Peaceful Environment.
Computer Educational (Modern Lab)
Experienced Teaching Staff.
Transport Facility for every route.
Special attention for the weak students.
Activity baserd curriculum (Learn by fun method)
Scholarship (According to M.P. Govt. rule)
ADMISSION OPEN-2023-24
CLASS - Nursery to 10th

अपने बच्चो के प्रभावशाली व सुनहरे भविष्य के लिए आज ही विद्यालय में प्रवेश कराये!
E-mail:absnsidhi@gmail.com
ADDRESS -: NEW BUS STAND SOUTH KARAUNDIYA- SIDHI(MP)
9993771343, 9826667935

SHIKSHA INTERNATIONAL SCHOOL
➢FREE REGISTRATION FOR 1ST 50 ADMISSION
➢NO ADMISSION FEE UPTO 30 MAY
BOOK FREE FOR - LKG/UKG
ENQUIRIES:
7999483600 ,9039414426
You can even mail at:
shikshasidhi12@gmail.com
ADMISSION OPEN - 2023-24
ADD- NEAR OM SHREE HARDWARE , PADAINIYA SIDHI (MP)
➢GPRS ENABLED TRANSPORT FACILITY
➢WIFI COMPOUND
➢COVID-19 BEHAVIOUR FOLLOWED
➢THEME BASED MORNING ASSEMBLIES
➢A SAFE AND SECURE ENVIRONMENT WITH CCTV CAMERAS UNDER CENTRALISED SURVEILANCE
SPECIAL SCHOLARSHIPS FOR CLASSES PLAY, NURSERY, KG, 1ST AND 9TH.

Affiliated to MPBSE Affiliation to 352053
ज्योति हायर सेकण्डरी स्कूल
पटेलपुल, सीधी (म.प्र.)
प्रवेश प्रारंभ
Medium : Hindi/English CBSE Pattern Class : LKG To 12th
ज्योति हायर सेकण्डरी स्कूल पटेलपुल सीधी म.प्र. हरा भरा शांत वातावरण से परिपूर्ण है।
यह विद्यालय 30 वर्ष पुरानी है इस विद्यालय से शिक्षा ग्रहण करके बहुत से विद्यार्थी डॉ., इन्जीनियर शिक्षक, सीए, पटवारी जैसे अनेक पदो पर चयनित हुये है हमे वास्तव मे उनकी उपलब्धियों पर गर्व है।?
हमारे विद्यालय में विद्यार्थियों को उच्च योग्यताधीर शिक्षको द्वारा अध्यापन कार्य कराया जाता है।
हमारे विद्यालय में बच्चों को संगीत शिक्षा, योगा, नृत्य शिक्षा, कम्प्यूटर शिक्षा दी जाती है।
आपका बालक/बालिका भी डॉक्टर, इंजीनियर, सीए, शिक्षक, पटवारी आदि पदो पर चयनित हो सकता है पर कैसे एक सकरात्मक निर्णय ले। अपने बालक/बालिका को ज्योति हायर सेकण्डरी स्कूल सीधी में प्रवेश दिलाये।
संकाय गणित, जीव विज्ञान, कामर्स, आर्ट

OUR SCHEME
सेना कर्मी/मीडिया कर्मी/बैगा जाति के विद्यार्थियों के लिए Tution Fees में 10% की छूट।
कक्षा 10 वी परीक्षा में MP Top करने वाले विद्यार्थी को Tution Fees में 50% की छूट।
कक्षा 10 परीक्षा में जिला टॉप करने वाले विद्यार्थी को Tution Fees में 25% की छूट।
विकलांग छात्र/छात्राओं के लिये Tution Fees में 20% की छूट।
एक साथ अग्रिम फीस जमा करने पर Tution Fees में 10% की छूट।
एक ही माता पिता के तीन विद्यार्थियों में सबसे छोटी कक्षा के विद्यार्थी की Tution Fees में 50% की छूट।
rte के तहत कक्षा LKG में निःशुल्क प्रवेश।
अधिक जानकारी के लिये संपर्क करे : 9479575926,8827045175

कांग्रेस नेताओं ने की राष्ट्रपति मुर्मु से मुलाकात कर की मांग, मणिपुर हिंसा की उच्च स्तरीय जांच हो

नई दिल्ली एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आज दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति को देखते हुए राष्ट्रपति मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें कांग्रेस की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच आयोग के गठन सहित 12 मांगें की गई है।

कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति को लेकर आज हमने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को चार पन्नों का एक ज्ञापन सौंपा और मांग की कि क्या कार्रवाई की जानी चाहिए। हमने सुप्रीम कोर्ट के एक सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच आयोग के गठन सहित 12 मांगें रखी हैं।

पीएम मोदी पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए रमेश ने कहा कि जब 3 मई को मणिपुर जल रहा था, तब पीएम मोदी कर्नाटक चुनाव में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तभी से मांग कर रहा हैं कि केंद्र सख्त कार्रवाई करे। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह, जो मणिपुर में सीएलपी नेता भी हैं, ने कहा कि मणिपुर के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। भारत में जो हो रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है।

मणिपुर में हुई हिंसा

3 मई को मणिपुर में जातीय हिंसा हुई थी, जिसमें दर्जनों लोगों की मौत हुई। भले ही हिंसा थम गई है, लेकिन राज्य के हालात अब भी सामान्य नहीं हैं। इस बीच मणिपुर पीसीसी अध्यक्ष केशम मेघचंद्र ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते सवाल किए है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में अशांति के परिणामस्वरूप निर्दोष लोग मारे गए हैं, घरों को आग के हवाले कर दिया गया है और राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया गया है। प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं? भाजपा सरकार स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाय नहीं कर रही है।

जर्मनी में मंदी

अमेरिका को डिफॉल्ट का डर!

● भारत ने ग्लोबल शेयर मार्केट में फ्रांस को पछाड़ा ● इस साल मार्केट वैल्यू में 330 अरब डॉलर बढ़ोतरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत एक बार फिर दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा मार्केट बन गया है। शेयर मार्केट्स में पिछले कुछ दिनों से जारी तेजी के बदौलत भारत ने फ्रांस को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया है। जनवरी में फ्रांस इस रैंकिंग में भारत से आगे निकल गया था। लेकिन भारतीय शेयर मार्केट्स में 28 मार्च से लगातार तेजी दिख रही है। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 10 परसेंट की तेजी आई है। इसी तरह बीएसई मिडकैप और बीएसई स्मॉलकैप में करीब 15 फीसदी उछाल आई। अप्रैल के बाद मई में भी घरेलू शेयर मार्केट्स में तेजी रही। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो इनवेस्टर्स अब तक 37,316 करोड़ रुपये का निवेश भारतीय इक्विटी मार्केट में कर चुके हैं। स्ट्रॉन्ग मैक्रोइकॉनमिक फंडामेंटल्स और स्टॉक के वाजिब वैल्यूएशन से ऐसा हुआ है। पिछले दो महीने में विदेशी निवेशक भारतीय शेयरों में करीब 6.3 अरब डॉलर की खरीदारी कर चुके हैं।भारत का मार्केट कैपिटेलाइजेशन 3.31 लाख करोड़ डॉलर पहुंच चुका है। इसके साथ ही भारत एक बार फिर दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा मार्केट बन गया है। इस साल देश की मार्केट वैल्यू में करीब 330 अरब डॉलर की तेजी आई है।

ऐपल के सीईओ टिम कुक हुए इंडियन इकॉनमी के मुरीद,उम्मीद की किरण भारत

विदेशी ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने उम्मीद जताई है कि बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 1,00,000 अंक तक पहुंच सकता है। जेफरीज ने अगले पांच साल में प्रति शेयर 15 फीसदी अर्निंग ग्रोथ के अनुमान पर यह बात कही है। निवेशकों को अब मार्च तिमाही के जीडीपी के आंकड़ों का इंतजार है। 31 मई को इसे जारी किया जाएगा। इन आंकड़ों से देश की इकॉनमी की स्थिति के बारे में जानकारी मिलेगी। इससे मार्केट सेंटीमेंट और इनवेस्टमेंट फैसलों पर आगे असर देखने को मिलेगा। यूरोप की सबसे बड़ी इकॉनमी वाला देश जर्मनी मंदी में फंस चुका है जबकि अमेरिका पर डिफॉल्टर होने का खतरा मंडरा रहा है। इसी तरह चीन अभी पूरी तरह महामारी के प्रकोप से नहीं उबरा है। ऐसे में भारतीय इकॉनमी दुनिया के लिए उम्मीद की किरण बनकर उभरी है। वहीं ऐपल के सीईओ टिम कुक हुए इंडियन इकॉनमी के मुरीद हो गए हैं।

'गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल'

गाने से परेशान होकर पूर्व फौजी ने चलाई गोली

गाजियाबाद (एजेंसी)। गाजियाबाद के लोनी इलाके में कचरे वाली गाड़ी पर बजने वाले गाने से परेशान होकर गोली चलाए जाने का अजीब मामला सामने आया है। आरोपी पूर्व फौजी बताया जा रहा है। कंचन पार्क कॉलोनी में घर से कचरा उठाने नगर पालिका की गाड़ी पहुंची थी। उसमें 'गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल' गाना चल रहा था। एक रिटायर्ड फौजी ने गाना बंद करने के लिए कहा तो सफाईकर्मियों से झगड़ा हो गया। फिर उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से कई गोलियां चलाईं। हालांकि फायरिंग में सफाईकर्मी बच गए।

धनबाद में करंट से झुलसकर

पांच मजदूरों की मौत

● डीआरएम ने कहा, पावर कट किए बगैर ही हो रहा था काम, जांच के बाद पता चलेगा दोषी कौन

धनबाद (एजेंसी)। धनबाद में बिजली का पोल गाड़ने के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी। अचानक पोल 25000 वोल्ट के ओवरहेड तार से छू गया। इस काम में आठ लोग लगे थे। मौके पर ही छह लोगों की मौत हो गयी।मृतकों में गोविंद सिंह, श्यामदेव सिंह, सुरेश मिस्त्री, श्याम भुइया, संजय राम और एक अन्य शामिल हैं। हादसा कतरास स्टेशन से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित झारखोर के पास हुआ है। हादसे के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य की टीम पहुंची और सभी शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शव पूरी तरह क्षतिग्रस्त थे। जब हादसा हुआ तो आठ लोगों ने पोल को पकड़ा था। इस हादसे में बचे संदीप राम ने बताया कि हम पोल सीधा कर रहे थे। हम लोगों ने ही पोल पकड़ा था जैसे ही पोल तार में सटा हम झटके से अलग हो गये।

मैसूर में बस और इनोवा में सीधी टक्कर, 10 की दर्दनाक मौत

बेंगलूर (एजेंसी)। मैसूर- कर्नाटक के मैसूरु स्थित टी नरसीपुरा तालुक में सोमवार को एक कार और प्राइवेट बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई। कम से कम तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना कोल्लेगला-टी नरसीपुरा मुख्य मार्ग पर कुरुबुरु गांव के पास हुई।

फिर झकझोर देने वाली आई तस्वीर

बच्ची के शव को लेकर 10 किमी पैदल चले माता-पिता

तमिलनाडु में सांप के डसने से मौत हुई थी, घर जाते हुए एंबुलेंस ने रास्ते में उतारा

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु में वेल्लोर के अल्लेरी गांव में डेढ़ साल की बच्ची को सांप ने डस लिया। बच्ची के माता-पिता और रिश्तेदार उसे सरकारी अस्पताल लेकर गए, लेकिन इलाके में खराब सड़क होने के कारण उन्हें देरी हो गई। इसके चलते बच्ची ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जब अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 18 महीने की बच्ची धनुष्का के माता-पिता विजय और प्रिया को पोस्टमॉर्टम के बाद शव सौंप दिया गया। वे एम्बुलेंस से घर जा रहे थे, लेकिन ड्राइवर ने खराब सड़क देखते ही आगे जाने से मना कर दिया। गांव से करीब 10 किमी पहले ही उन्हें एम्बुलेंस से उतार दिया। परेशान माता-पिता को मजबूर होकर शव गोद में लेकर पैदल ही घर लेकर जाना पड़ा।

पश्चिम बंगाल के इकलौते कांग्रेस विधायक बायरन बिस्वास टीएमसी में शामिल

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के इकलौते कांग्रेस विधायक बायरन बिस्वास सोमवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए। उस दौरान ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी भी मौजूद थे।

आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसा, 4 की मौत

लखनऊ (एजेंसी)। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसा, तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की हुई दर्दनाक मौत, 3 लोगों की हालत नाजुक, लखनऊ से औरैया जा रहे थे कार सवार। शादी समारोह में शामिल होने लखनऊ गया था परिवार, तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के 195 किलोमीटर काट पर हुआ हादसा।

(नई दिल्ली) परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने सावदा घेवरा डिपो निर्माण कार्य का किया निरीक्षण; अधिकारियों को काम में तेजी लाने के दियें निर्देश

सर्वे में शिंदे-बीजेपी को झटका

महाविकास अघाड़ी को दिख रहा लाभ

मुंबई एजेंसी। महाराष्ट्र में अगले साल विधानसभा तथा लोकसभा का चुनाव होना है और इसके लिए अभी से राजनीतिक दलों द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है. इस बीच शिंदे गुट तथा बीजेपी के लिए एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। दरअसल एक अख़बार द्वारा चुनाव के संदर्भ में एक सर्वे करवाया गया और इस सर्वे के मुताबिक महाविकास अघाड़ी को सबसे ज्यादा 47.7 फीसदी वोट मिल सकते हैं. इस सर्वे के मुताबिक कांग्रेस को सबसे ज्यादा 19.9 फीसदी, एनसीपी को 15.3 फीसदी, उद्धव ठाकरे की शिवसेना को 12.5 फीसदी वोट मिलेंगे. इसके अलावा बहुजन वंचित अघाड़ी को 2.9 फीसदी, स्वाभिमानी किसान पार्टी को 0.7 फीसदी, ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम को 0.6 फीसदी, केसीआर की भारत राष्ट्र समिति को 0.5 फीसदी और अन्य को 1.7 फीसदी वोट मिलने की संभावना है. जबकि बीजेपी इस सर्वे में नंबर वन पार्टी बन सकती है. क्योंकि बीजेपी को 33.8 फीसदी लोगों ने पसंद किया है जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना को सबसे कम यानी 5.5 फीसदी लोगों ने पसंद किया है. इस सर्वे के मुताबिक राज्य में महाविकास अघाड़ी फिर आगे चल रहा है। आघाडी में शामिल राजनीतिक दलों का मत प्रतिशत जोड़ दें तो कांग्रेस को 19.9 प्रतिशत, राकांपा को 15.3 प्रतिशत, उद्धव ठाकरे समूह को 12.5 प्रतिशत यानी कुल 47.7 प्रतिशत लोगों ने आघाडी को पसंद किया है. वहीं अगर बीजेपी और शिवसेना का प्रतिशत जोड़ा जाए तो यह 39.3 प्रतिशत है।

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आतंकी हमले की आशंका? पुलिस ने धारा 144 लागू की

● पांच या अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने पर रोक ● विदेश भाग सकते हैं शाइस्ता परवीन और गुड्डू मुस्लिम, पुलिस ने लुक आउट नोटिस जारी किया

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई से बड़ी खबर सामने आई है। मुंबई पुलिस ने 11 जून 2023 तक मुंबई शहर में पांच लोगों के एकसाथ इकठ्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस द्वारा अचानक लिए इस फैसले को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। मुंबई पुलिस ने एक सर्कुलर निकालकर इस बात की जानकारी दी है। पुलिस के सर्कुलर में कहा गया है कि मुंबई में सार्वजनिक शांति भंग करने और सार्वजनिक जीवन को बाधित करने का प्रयास किया जा सकता है। साथ ही कुछ ऐसी घटनाएं होने की भी आशंका है जिससे लोगों का जीवन खतरे में पड़ सकता है। इस के चलते और नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने यह आदेश जारी किया है। वहीं शाइस्ता परवीन और गुड्डू मुस्लिम, पुलिस ने लुक आउट नोटिस जारी किया क्योंकि वह विदेश भाग सकते हैं।

कातिल साहिल मारता रहा, नाबालिग लड़की को मरता देखती रही दिल्ली

दिल्ली में नाबालिग लड़की की सड़क पर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

बॉयफ्रेंड ने चाकू से 20 से ज्यादा वार किए, 6 बार सिर पर पत्थर पटका

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में लड़की की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले आरोपी साहिल (20) को पुलिस ने सोमवार दोपहर 3 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने साहिल को बुलंदशहर से गिरफ्तार किया है। साहिल ने शाहबाद डेयरी इलाके में रविवार शाम 16 साल की साक्षी की सरेराह हत्या कर दी थी। साक्षी को 20 से ज्यादा बार चाकू मारे गए थे। साहिल ने 6 बार उसके सिर पर पत्थर भी पटका था। इस घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैप्चर हो गया। पुलिस के मुताबिक, दोनों रिलेशनशिप में थे, लेकिन शनिवार को किसी बात पर दोनों का झगड़ा हो गया था। पुलिस ने साहिल को दिल्ली से सटे यूपी के बुलंदशहर से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि वह यहां अपने रिश्तेदारों के यहां छिपा था।

- **कई लोग सड़क से गुजरे, कुछ लोगों ने रोकने की कोशिश भी की-** पुलिस ने बताया- एक व्यक्ति ने लड़की की हत्या की जानकारी दी। पुलिस टीम को साक्षी का शव सड़क पर मिला। वह जेजे कॉलोनी की रहने वाली थी। जब वह रविवार शाम बर्थडे पार्टी में जा रही थी, तब अचानक साहिल ने उसे रोका और हमला कर दिया। पहले चाकू से वार किए। इसके बाद पत्थर पटका। उसके सड़क पर गिरने के बाद लगातार लात से मारता रहा।
- **घटना पर सीएम केजरीवाल ने कहा- एलजी साहब कुछ कीजिए-** घटना की जानकारी मिलते ही सीएम केजरीवाल ने सीसीटीवी फुटेज ट्वीट करते हुए लिखा- दिल्ली में खुलेआम एक नाबालिग बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है। ये बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराधी बेखौफ हो गए हैं, पुलिस का कोई डर ही नहीं है। एलजी साहब, कानून व्यवस्था आपकी ज़िम्मेदारी है, कुछ कीजिए। दिल्ली के लोगों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।
- **दिल्ली में दरिंदों के हौसले बुलंद :स्वाति मालीवाल** - वहीं, दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा- दिल्ली में दरिंदों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस को नोटिस जारी कर रहे हैं। सब हदें पार हो गई हैं।

धरना दे रहे पहलवान दिल्ली से रवाना

जंतर-मंतर पर नहीं आने देंगे: पुलिस

किसान बोले- सब्जी-फल और दूध की सप्लाई बंद करेंगे

पानीपत (एजेंसी)। जंतर-मंतर पर रविवार को पुलिस से हुई झड़प के बाद पहलवान सोमवार को दिल्ली से रवाना हो गए। पुलिस ने कहा कि हमने 38 दिन से धरना दे रहे पहलवानों को हर मुमकिन सुविधा दी थी, लेकिन रविवार को इन लोगों ने कानून तोड़ा।

डिप्टी पुलिस कमिश्नर सुमन नालवा ने कहा- अगर पहलवानों ने अगली बार धरने की इजाजत मांगी तो हम उन्हें जंतर-मंतर नहीं, दूसरी जगह पर भेजेंगे। दिल्ली पुलिस ने पहलवानों समेत 109 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। वहीं जींद में खापों व किसानों ने पंचायत कर ऐलान किया कि दिल्ली में दूध, सब्जी, फल और अन्य सामान की सप्लाई को बंद करेंगे। किसान आंदोलन की तरह दिल्ली को चारों तरफ से घेर लिया जाएगा।

मिहिर भोज विवाद

सहारनपुर में गुर्जर-राजपूत समाज में तनातनी, सीमाएं सील

सहारनपुर (एजेंसी)। सहारनपुर में सम्राट मिहिर भोज को लेकर गुर्जर और राजपूत समाज में लंबे समय से विवाद चल रहा है। दोनों समाज के लोगों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। गुर्जर समाज ने आज जिले में धारा 144 और प्रशासन की अनुमति के बिना सम्राट मिहिर भोज को लेकर गुर्जर गौरव यात्रा निकाली। वहीं, पुलिस-प्रशासन बेबस नजर आया। वही, राजपूत समाज ने यात्रा का विरोध कर दिया है। प्रतिबंध के बावजूद गुर्जर समाज द्वारा गौरव यात्रा निकालने के विरोध में राजपूत समाज के लोगों ने भी सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन किया।

सहारनपुर प्रशासन द्वारा अनुमति न दिए जाने के बावजूद गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज गौरव यात्रा फंदपुरी से निकाली गई।

● अतुल प्रधान की पुलिस से धक्का-मुक्की

गुर्जर समाज के सैकड़ों लोग सुबह नकड क्षेत्र के गांव फंदपुरी में एकत्र हुए। वहां से उन्होंने पैदल गौरव यात्रा शुरू की। प्रशासन ने यात्रा पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ था। इसके बावजूद लोगों ने यात्रा शुरू की। यात्रा रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने नकुड क्षेत्र में बैरिकेडिंग वगैरह लगाकर सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए, लेकिन गुर्जर समाज के लोगों ने प्रतिबंध के बावजूद यात्रा निकाली गई। वहीं गुर्जर व राजपूत समाज में तनातनी को देखते हुए जिले में ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा बंद की गई है।

इसरो का नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस -01 लॉन्च

मोबाइल लोकेशन बेहतर होगी, आर्मी को दुश्मनों के ठिकानों की सटीक जानकारी मिलेगी

बेंगलुरु (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-01 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इससे हमारा एनवीएसआईसी नेविगेशन सिस्टम और मजबूत होगा। नाविक सैटेलाइट्स से हमारी सेनाओं को दुश्मनों के ठिकानों की सटीक जानकारी मिलेगी। इनके अलावा, नेविगेशन सर्विस भी मजबूत होगी।इसरो प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने बताया कि भारत के पास 7 नाविक सैटेलाइट्स थे। इनमें से 4 ही काम कर रहे हैं। 3 खराब हो चुके हैं। अगर हम तीनों को बदलते तब तक ये 4 भी बेकार हो जाते। इसलिए हमने पांच नेक्स्ट जेनरेशन नाविक सैटेलाइट्स एनवीएस को छोड़ने की तैयारी की। एनवीएस-01 उनमें से एक है।

समय

विरोध बनाम व्यवस्था

हालांकि पहलवान अब भी जंतर मंतर पर ही धरने की मांग पर अड़े हैं, मगर पुलिस ने एक तरह से उनके आंदोलन को कुचल दिया है। इस तरह कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगे महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का मामला भी किनारे हो गया है। पहलवानों के विरोध प्रदर्शन को दिल्ली पुलिस ने उसी तरह कुचल दिया, जैसे कुछ साल पहले रामलीला मैदान में चल रहे बाबा रामदेव के आंदोलन को रात में खत्म करा दिया था। कुछ दिनों पहले पहलवानों ने एलान कर रखा था कि जिस दिन नए संसद भवन का उद्घाटन होगा, उस दिन महिलाएं वहां पहुंच कर पंचायत करेंगी। इसके लिए देश भर से महिलाओं के दिल्ली पहुंचने का आह्वान भी किया गया था। महिला पंचायत की रूपरेखा भी घोषित कर दी गई थी कि कोई भी हिंसक बर्ताव नहीं करेगा। अगर पुलिस बर्बरता करती है, तो भी सत्याग्रह का रास्ता नहीं छोड़ा जाएगा। हालांकि दिल्ली पुलिस ने उनसे अनुरोध किया था कि वे नए संसद भवन के आसपास न पहुंचें। मगर पहलवानों ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नए संसद भवन की तरफ बढ़ना शुरू कर दिया। फिर पुलिस ने बल प्रयोग किया और पहलवानों को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ कई धाराएं लगा दीं। जंतर मंतर पर उनके तंबू उखाड़ दिए गए। वहां से उनका सारा सामान उठा कर जगह खाली करा ली गई। अब पुलिस का कहना है कि पहलवान जंतर मंतर पर धरना नहीं दे सकेंगे। अगर वे धरना देना चाहते हैं, तो उन्हें नए सिरे से इजाजत लेनी पड़ेगी, मगर पुलिस तय करेगी कि उन्हें धरने के लिए कहां जगह उपलब्ध कराई जाए। हालांकि पहलवान अब भी जंतर मंतर पर ही धरने की मांग पर अड़े हैं, मगर पुलिस ने एक तरह से उनके आंदोलन को कुचल दिया है। इस तरह कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगे महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का मामला भी किनारे हो गया है। इस साल फरवरी में महिला पहलवानों ने उन पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए धरना शुरू किया था। तब बृजभूषण शरण सिंह को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था और इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित कर दी गई थी।

विशेष

मोदी युगः राष्ट्रीय नवाचार के नौ साल

विष्णुदत्त शर्मा

कभी एक प्रधानमंत्री ने कहा था कि दिल्ली से एक रुपया चलता है, तो वह नीचे तक पहुंचते-पहुंचते मात्र 15 पैसे ही रह जाता है। स्व. राजीव गांधी का यह बयान भारत की साख पर एक घिनौना धब्बा बनकर दशकों तक चिपका रहा और भ्रष्टाचार का मुहावरा बन गया था। लेकिन 2014 के बाद यह दाग तब मिटा जब नरेंद्र भाई मोदी जी ने भारी जनादेश से प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सबसे पहले 'जनधन योजना' के तहत हर गरीब का (लगभग 45 करोड़) बैंक खाता खोलने का परिवर्तनकारी नवाचार किया। परिणाम यह हुआ कि अंतिम व्यक्ति के लिए दिल्ली से चलने वाला 100 पैसा डीबीटी के जरिए गरीबों के खाते में सीधे जाने लगा। अब कोई बिचौलिया गरीब का हिस्सा नहीं खा सकता। मोदी सरकार की यह पहली योजना राष्ट्रीय नवाचार की शुरुआत थी, जिसने पार्टी के अंत्योदय को साकार किया।

नौ साल के अंदर देशभर में व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा हुआ है। एक ओर सड़कों का जाल बिछ रहा है, बड़े-बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं, वहीं, भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं लगा है। मोदी सरकार निष्कलंक रूप से अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभा रही है। इसलिए मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल की यह एक महान आश्वस्ति है कि अब भ्रष्टाचार के लिए यहां कोई जगह नहीं बची। पारदर्शिता और जवाबदेही किसी भी जन-हितैषी सरकार के दो आधार-स्तम्भ हैं। ये न केवल जनता को करीब लाकर सरकार से जोड़ते हैं, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में उन्हें समान रूप से अहम भागीदार भी बनाते हैं। अपने 9 साल के कार्यकाल में नरेन्द्र मोदी ने खुले व पारदर्शी शासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है, नीतियां बंद कमरों में बैठकर नहीं, बल्कि लोगों के बीच जाकर बनाने की परंपरा शुरू की है। अब नीतियों के मसौदे ऑनलाइन जारी होते हैं, ताकि जनता भी इनमें सहभागी हो सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। कार्यपालिका में पारदर्शिता लाने के प्रति मोदी जी का दृढ़ संकल्प और उनकी प्रतिबद्धता एक खुली, पारदर्शी और जन-केन्द्रित सरकार के युग की स्थापना को दर्शाता है। ऐसी ही पारदर्शी कार्य-संस्कृति अपनाकर नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक लकीर खींच दी है। वंशवाद और कमीशनखोरी से ऊपर उठकर राजनीति अब श्रमसाधना बन गई है। कड़ी मेहनत करते हुए मोदी जी ने राजनीतिक कार्य-संस्कृति में बदलाव ला दिया है। कथनी और करनी में अंतर की राजनीति का अंत हो चला है। इसलिए अब विरोधी नेता भी जनता के बीच जाकर पसीना बहाने लगे हैं। भारतीय राजनीति के भीतर यह सकारात्मक बदलाव मोदी जी के नवाचारों के कारण हुआ है। उनकी लोकप्रियता और जनता से जुड़ाव की अनूठी पहल राजनीतिज्ञों को जमीन से जुड़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत ही नहीं, विदेशी नेता भी मोदी-शैली से प्रभावित दिखते हैं। मोदी जी की कार्यप्रणाली का डंका सारी दुनिया में बज रहा है।

बीते नौ वर्षों में हुए राष्ट्रीय नवाचारों को समझने के लिए मोदी सरकार की स्वदेशी नीति को देखना होगा। स्वराज, स्वच्छता और स्वदेशी का नारा गांधी जी ने दिया था, जिसको साकार करने का काम मोदी युग में हुआ। सरकार ने मेक इन

इंडिया के जरिए विनिर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवा गतिविधियों में 25 क्षेत्रों को चिन्हित करके उद्योगों के प्रति सरकार की 'रेग्युलेटर' छवि को बदला है। उद्योगों के साथ सरकार के व्यवहार में आमूलचूल बदलाव लाकर सरकार को सुविधाप्रदाता की भूमिका में लाया गया। यह योजना विश्व भर में संभावित निवेशकों तथा साझीदारों को 'नये भारत की विकास गाथा में भाग लेने के लिए एक खुला आमंत्रण देती है। इसके कारण बीते सालों में देश में कारोबार शुरू करना आसान हुआ है।

मोदी सरकार की 'मेक इन इंडिया' योजना ने 27 सेक्टरों में महान उपलब्धियां हासिल की हैं। इसको विस्तार देते हुए देश को 'आत्मनिर्भर भारत' की ओर ले जाने का भगीरथ प्रयास भी मोदी सरकार ने किया है। सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता लाने की पहल हुई है। उदाहरण के लिए रक्षा क्षेत्र में प्रमुख स्वदेशी पहलों को देखें, तो डिफेंस इंडिया स्टार्टअप चैलेंज, ढ्ढह्र विक्रांत- एयरक्राफ्ट कैरियर, धनुष- लंबी दूरी की तोपें, अरिहंत- परमाणु पनडुब्बी और प्रचंड- हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर का निर्माण बड़ी उपलब्धि हैं। आज भारत की ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल सिस्टम्स, रडार, सिमुलेटर, माइन प्रोटेक्टेड व्हीकल्स, आर्मर्ड व्हीकल्स, पिनाका रॉकेट और लॉन्चर, एम्युनिशन, थर्मल इमेजर, बॉडी आर्मर और एवियॉनिक्स आदि की दुनिया के कई देशों में मांग है। भारत के एलसीए तेजस, लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर और एयरक्राफ्ट कैरियर की मांग भी कई देशों में बढ़ी है। हाल ही में रक्षा विभाग ने 928 उत्पादों की एक सूची जारी की थी, जिन्हें भारत में ही बनाया जाएगा। भारत की आत्मनिर्भरता से वैश्विक प्रभाव भी बढ़ा है और भारतीयों का मान भी।

आजादी के अमृत काल को ध्यान में रखकर मोदी सरकार देश को 2047 तक हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। मोदी ने चायनीज सामानों की आमद को कम करने का बीड़ा उठाया, जिसके परिणामस्वरूप बीते नौ सालों में हमारे स्वदेशी सामानों की मांग दुनिया भर में कई गुना बढ़ चुकी है। प्रधानमंत्री का नारा है 'लोकल के लिए वोकल'। उनका संकल्प है कि भारत के लोगों के परिश्रम से बने सामान को मान-सम्मान मिले। देश की समृद्धि के लिए स्वदेशी अपनाकर भारत की कला, संस्कृति और सभ्यता को जीवित रखा जाये। इसका प्रभाव उस समय साफ तौर पर देखा गया जब हम खिलौने के विश्व में सबसे बड़े निर्यातक बन गये।

साल 2014 में अनेक चुनौतियों के बीच प्रधानमंत्री बनने के बाद सामरिक व आर्थिक मोर्चों पर ही नहीं बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी नरेंद्र मोदी जी ने अनेक नवाचार किये हैं। नौ साल के दौरान भाजपा सरकार द्वारा लायी गई योजनाओं के कारण समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लोगों की जिंदगी में जबरदस्त बदलाव आए हैं। दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य मिशन के रूप में आयुष्मान भारत योजना से 23 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की गारंटी देना, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के लिए 1.20 करोड़ घर बनाना और समय सीमा में 18 हजार गांवों को बिजली पहुंचाना, पीएम गरीब कल्याण योजना में 80 करोड़ लोगों को अनाज देना, सुशासन की दिशा में मील का पत्थर हैं। भारतीयता के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू कर मोदी सरकार ने सच्ची स्वाधीनता की नींव रखी है। नौ साल पीछे मुड़कर देखें तो पता चलता है कि हमारे न जाने कितने प्रतिभाशाली खिलाड़ी अभाव के चलते आगे नहीं बढ़ सके।

चिंता

नशे की अंधी गलियों में भटकती देश की युवा पीढ़ी, जिम्मेवार कौन?

नरेन्द्र भारती

बेशक 31 मई 2023 को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस औपचारिकता भर ही रह गए है।औपचारिकता मत निभाईए।धरातल की सच्चाईयां बेहद खौफनाक होती जा रही हैं। प्रतिवर्ष लाखों लोग व युवा बच्चे नशें के कारण अकाल मौत मर रहे है।युवा देश की धरोहर है। युवा अनमोल पूंजी है। प्रतिवर्ष ऐसे दिवसों पर लाखों रुपया खर्च किया जाता है। समूचे विश्व में केवल मात्र एक दिन सैमिनार व गोष्ठीयां की जाती हैं,रैलियां निकाली जाती हैं।

विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर एक संकल्प लेना होगा। युवा पीढ़ी नशें की गुलाम हो चुकी है। नशें की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना हर भारतीय का नैतिक कर्तव्य है।देश में हर साल लाखों युवा नशें के कारण असमय ही मौत के आगोष में समाते जा रहे है। नशें की सब कुछ मान बैठी है।आज छोटे-छोटे बच्चे नशें के आदी हो चुके है।अभी उनके दूध के दांत भी नही। टूटे है कि मगर ऐसे नशें करते है कि रुह कापती है।हर साल लाखों लोग नशें के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे है। आजकज चिटटे का नशा किया जा रहा है।देश के हर राज्य मे यह नशा किया जा रहा है।हर रोज चिटटे व हैरोइन के अवैध कारोबार करने वालों कों पकड़ा जा रहा है।नशा आज एक फैषन बन चुका है।नशें के कारण आज कई घरों के चिराग बूझ गए तो कुछ जेलों में चक्की पीस रहें है।जेलों में सड़ रहे है।अक्सर देखा गया है कि उच्च घरानों के युवा मंहगें नशें कर रहे है।नशें के बिना रह नहीं सकते ।जिंदगियां दाव पर लगा चुके है।जिंदा लाषें बनते जा रहे है।लाईलाज बीमारियों से ग्रस्त होते जा रहे है।आज लाखों युवा नशें के कारण मर चुके है।नशें की दलदल में धसतें जा रहे है।इस दलदल से निकला बहुत ही मुश्किल है।आज मां-बाप दुखी है कि उनके चिराग नशें की गिरफत में आते जा रहे है।आज नशें के सौदागर युवाओं के भविश्य खराब करते जा रहे है।अगर युवा ही नशें का प्रयोग करेगा तो आने वाला कल अंधकारमय ही होगा।युवा के कंधों पर देश टिका है मगर यह कंधें थक चुके है।नसों में नशा भर चुका है।जवान काया शिथिल होती जा रही है।नशें के कारण सड़क हादसों में हर साल लाखों युवस बेमौत मारे जा रहे है।सरकारों को राजस्व प्राप्त होता है।सरकारों को देश के कर्णधारों की कोई फिक्र नहीं हैं।राजस्व से ही खजाना भरा जा रहा है।युवा मर रहे है।चंद मिन्टों के मजे के लिए अनमोल जीवन बरबाद कर रहे है।युवतियां भी नशे की दलदल में फंस चुकी है।समाचार पत्रों में डरावने समाचरों से पता चलता है कि आज लड़कियां भी चार कदम आगे जा चुकी है।सिगरेट व अन्य चरस जैसे नशें शरीर के अंगों को प्रभवित करती है।कैंसर व तपेदिक व गले के कैसर से मौतों का आंकड़ा हर साल बढ़ता ही जा रहा है।अगर इन नशें को नहीं रोका तो आने वाले सालों में भयावह परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। नशा समाज के लिए नासूर बन गया है।नशें को मिटाने की कसम लेनी होगी। आज नशें के कारण इकलौते बच्चे मारें जा रहे है। नशें के लिए पैसा न मिलने के लिए मां-बाप को मौत के घाट उतारा जा रहा है। सामने मर रहे है।अगर सरकारों ने अभी भी कुभंकरणी नींद न तोड़ी तो फिर सब कुछ लुट जाएगा। नशे के कारण अपराधों में इजाफा हो रहा है।समाज को इस बुराई पर मंथन करना होगा ताकि चिरागों को बचाया जा सके।तम्बाकू उत्पादों पर रोक लगानी होगी।अगर सरकारें चाहे तो क्या नहीं कर सकती।राजस्व के लिए और भी साधन है।ऐसा राजस्व किस काम जो युवाओं की मौत से प्राप्त हो रहा है।युवाओं की बलि ली जा रही है।नशें का कारोबार करने वालों पर दंडात्मक कारवाई करनी होगी।स्कूलों व कोलेजों के सौ मीटर के दायरे में धूम्रपान बेचने वालों को सजा दी जाए जो चंद चांदी के सिक्कों की कमाई के लिए युवाओं का जीवन लील रहे है।लावारिस लाषें मिल रहीं है।युवाओं को बचाना हमारी जिम्मेवारी है। नशें के कारण दंगें व फसाद होतें जा रहे है।नशें में अंधा होकर दुश्कर्म किए जा रहे है।समाज में एक कमेटी गठित करनी होगी तभी यह नशा बंद हो सकता है।नशा करने वालों को समाज से बहिश्कृत किया जाए उनका हुक्का पानी बंद किया जाए ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके और युवाओं का जीवन बचाया जा सके।सामाजिक संस्थाओं को नशें के खिलाफ अभियान चलाने होगें।युवा ही देश को आगे ले जा सकते है।समय अभी संभलने का है।समाज को नशें के विरुद्ध आवाज उठानी होगी।ताकि युवाओं का भविश्य संवर सके। अगर समाज अब भी नहीं जागा तो युवा नशें की दलदल में धंसता जाएगा।समाज से इस बुराई को जड़ से मिटाना होगा।केन्द्र सरकार को नशें को बंद करने के लिए कानून बनाना चाहिएं।हर राज्यों की सहभगिता हो तो नशें पर लगाम लग सकती है।देश में नशा मुक्ती केन्द्र खोलने चाहिए ताकि युवाओं की काउंसलिग की जा सके।सरकार को बिना समय गंवाए इस पर रोक लगानी होगी ताकि युवाओं की पीढ़ियां बचाई जा सके।

सुविचार

सत्य से प्यार करें और गलती को क्षमा कर दें।

- वाल्टेयर

राशिफल

मेष — आज किसी खास काम में भाई-बहन का सहयोग मिलेगा। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ बेहतरीन पलों का आनंद लेंगे।

वृष — व्यावसायिक संदर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यक्षेत्र में आप काफी ऊर्जावान रहेंगे। आप अपने व्यवहार में अत्यधिक सफल होंगे।

मिथुन — आज के दिन कोई काम टालें नहीं। आज आपको अपनी नौकरी या व्यवसाय के लक्ष्य पर पूरा ध्यान देना चाहिए। काम को एकाग्रता के साथ निपटाने की कोशिश करें।

कर्क — कुछ मामलों में आप भ्रमित भी हो सकते हैं। केमिस्ट्री के छात्रों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है। सफलता पाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करते रहना होगा।

सिंह — आपकी लोकप्रियता चरम पर होगी और आप कई अन्य लोगों पर काफी प्रभाव डालेंगे। यदि आप अधिकारियों के साथ टकराव से दूर रहते हैं।

कन्या — आज आप ऑफिस में कई मामलों में सफल हो सकते हैं। करियर से जुड़े कुछ जटिल मामलों में समाधान मिल सकता है। परेशान मत होइए।

तुला — आज आप किसी दूसरे व्यक्ति को कुछ समझाने में सफल रहेंगे, लेकिन स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव जैसी स्थिति बनी रहेगी।

वृश्चिक — आज का दिन भाग्य के बजाय कर्म के भरोसे रहकर काम करना फायदेमंद साबित होगा। न्याय से जुड़े लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

धनु — पैसों के मामले में शांति से निर्णय लें। आपके काम की तारीफ हो सकती है। धैर्य रखें। स्त्री के सहयोग से काम पूरे हो सकते हैं। मित्रता बढ़ सकती है।

मकर — आज के दिन आपको पैसों को लेकर किसी भी तरह का जोखिम लेने से बचना चाहिए। आज काम का बोझ आप पर अधिक रह सकता है।

कुंभ — आप कोई नया उद्यम शुरू कर सकते हैं और किसी बड़े सौदे को अंतिम रूप दे सकते हैं। आप अपने सभी विरोधियों पर विजय प्राप्त करें।

मीन — जेब में ज्यादा पैसा न होने पर भी आपका काम पूरा हो सकता है। आज आपका कोई काम नहीं रुकेगा। रुका हुआ धन मिल सकता है।

महाकाल लोक की मूर्तियां खंडित होने पर, शगुन या अपशगुन

मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकाल लोक परिसर का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से 7 माह पहले हुआ था। उज्जैन का महाकाल लोक परिसर सारे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। 800 करोड़ रुपए की लागत से इस परिसर का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है। उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर में महाकाल लोक का निर्माण किया गया है। उसमें सप्त ऋषि सहित लगभग 127 मूर्तियां लगाई जाना है। सप्त ऋषियों की जो 7 मूर्तियां लगाई गई थी। वह फाइबर रेनफ़ोर्स प्लास्टिक से निर्मित की गई थी। प्लास्टिक से बनी हुई मूर्तियों का विरोध उस समय भी हुआ था। जब इन मूर्तियों को लगाया जा रहा था। सनातन धार्मिक की आस्थाओं के अनुसार मूर्तियों का निर्माण हमेशा पत्थरों से या धातुओं के मिश्रण से ही होता है। लेकिन जिला प्रशासन ने धार्मिक आस्थाओं की अनदेखी और आपत्ति पर ध्यान नहीं दिया। धार्मिक आस्थाओं का अपमान किया। जिसके कारण भगवान शिव की नाराजी के रूप में भी इसे देखा जा रहा है। मामूली आंधी आने के कारण 7 में से 6 मूर्तियां खंडित हो गई। कुछ मूर्तियों के सिर उनके शरीर से अलग हो गए। कई मूर्तियां अन्य तरीके से खंडित हो गई। महाकाल लोक परिसर के निर्माण में जिस तरह की धार्मिक आस्थाओं को नजरअंदाज करते हुए मनमाने तरीके से भ्रष्टाचार किया गया। महालोक परिसर के निर्माण में करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है। इसकी शिकायत लोकायुक्त को की गई है, जिसकी जांच अभी भी चल रही है। पौराणिक ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों को जिस तरह से धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करके कमाई का जरिया बनाया जा रहा है। पर्यटन के कारण धार्मिक पवित्रता भी खत्म हो रही है। धार्मिक स्थलों का उपयोग राजनीतिक हितों के लिए बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। अब आम जनता में भी इसकी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। हाल ही में 2 घटनाएं हुई हैं। जिसे लोग अब शगुन और अपशगुन से जोड़ने लगे हैं। कर्नाटक में बजरंग दल को बजरंगबली के समकक्ष बना दिए जाने से बजरंगबली की नाराजी कर्नाटक चुनाव में देखने को मिली है। लोगों की ऐसी धारणा बनने लगी है। कुछ इसी तरह की प्रतिक्रिया उज्जैन के महाकाल मंदिर के महाकाल लोक परिसर की मूर्तियों के खंडित हो जाने को लेकर, आमजन के बीच में धारणा बनने लगी है, कि धार्मिक मान्यताओं का अनादर करने पर भगवान कुपित होते हैं। उसका दंड भोगना ही पड़ता है। महाकाल लोक परिसर की मूर्तियां खंडित होने के बाद शिव की नगरी उज्जैन में कहा जा रहा है, रावण ने सीता मैया का अपहरण साधु के वेश में किया था।जब राम के हाथों रावण का वध हुआ। उस समय रावण ने भगवान शिव से पूछा था, कि भगवान आपने मेरी रक्षा का वचन दिया था। लेकिन आपने रक्षा नहीं की। इस पर भगवान शिव ने अपने सबसे बड़े भक्त रावण को यही कहा था, राक्षस के रूप में तुम जो भी कर रहे थे। उसमें तुम्हारी रक्षा कर रहा था। लेकिन साधु के वेश में सीता का अपहरण किया था। तुम्हारा वह अपराध अक्षम्य था। जिसके कारण में तुम्हारी रक्षा नहीं कर सका। उज्जैन महाकाल की नगरी है। मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव कुछ ही महीनों में होना है। जिस तरह से धर्म की आड़ में सियासत की जा रही है।धार्मिक मान्यताओं और आस्थाओं की अनदेखी की जा रही है।उससे जनमानस यह मानकर चल रहा है, कि अब भगवान कुपित हो रहे हैं। अपशगुन के रूप में आई आंधी ने चेतावनी भी दे दी है। समझ जायें तो ठीक है। अन्यथा कर्म का फल तो भोगना ही होगा। राजा के किए गए कर्मों का फल प्रजा को भी भोगना पड़ता है। इसको लेकर अब प्रजा में भय व्याप्त हो रहा है।

लेखक- सनत जैन

धर्म का अर्थ

अध्यात्म

किसी संत के पास एक युवक आया और उसने उनसे धर्म ज्ञान देने की प्रार्थना की। संत ने कहा कि वह उनके साथ कुछ दिन रहे, फिर वे उसे धर्म का सार बताएंगे। युवक उनके आश्रम में रहने लगा। वह संत की हर बात मानता और उनकी सेवा करता। इस तरह कई दिन बीत गए। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि संत उसे धर्म के बारे में कब बताएंगे। वह उनसे धर्म की चर्चा करने के लिए उत्सुक था। वह चाहता था कि उनसे शिक्षा प्राप्त कर घर लौट जाए पर संत कुछ खास कह ही नहीं रहे थे। युवक का धैर्य जवाब दे रहा था। एक दिन उसने पूछ ही दिया-मुझे आए इतने दिन हो गए पर अब तक आपने मुझे धर्म का सार नहीं बताया। आखिर मैं कब तक प्रतीक्षा करूं? संत ने हंसकर कहा-कैसी बात कर रहे हो। तुम जिस दिन से मेरे साथ रह रहे हो उस दिन से मैं तुम्हें धर्म का सार बता रहा हूं। पर तुम ध्यान ही नहीं दे रहे। युवक ने चौंककर कहा-वो कैसे? संत बोले- जब तुम मेरे लिए पानी लाते हो, मैं उसे सदैव प्रेम से स्वीकार करता हूं। तुम्हारे प्रति आभार भी प्रकट करता हूं। जब-जब तुमने मुझे आदरपूर्वक प्रणाम किया, मैंने तुम्हारे साथ नम्रता का व्यवहार किया। यही तो धर्म है जो हमारे दैनंदिन व्यवहार में झलकता है। धर्म कोई पुस्तकीय ज्ञान नहीं है। तुम मेरे और कार्यों पर गौर करो। मैं लोगों से कैसे मिलता हूं और किस तरह उनकी सहायता करता हूं। इससे अलग कुछ भी धर्म नहीं है। युवक संत का आशय समझ गया।

कार्टून

गोल्ड गैंग के सरगना सहित पांच गिरफ्तार, पिपलानी थाना इलाके में सोना लूटने की हुई थी कोशिश

भोपाल नप्र। बिहार की गोल्ड गैंग के सरगना सहित पांच आरोपितों को पुलिस ने राजस्थान के झुनझुनू से गिरफ्तार कर लिया है। इस गैंग ने बीते पांच अप्रैल को पिपलानी थाना इलाके में फेड बैंक से सोना लूटने की असफल कोशिश की थी। उसके बाद सभी लोग फरार होने में कामयाब हो गए थे। इस मामले के एक आरोपित बिहार के राजा पंडित को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी है। इस गिरोह के मास्टर माइंड तीन दुर्दांत अपराधी हैं, जो पश्चिम बंगाल और बिहार की बेउर जेल में रहकर अपने गुर्गों को सोना लूटने का टारगेट बताते हैं।डकैती के प्रयास की इस गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस ने जहां 500 से अधिक सीसीटीवी के फुटेज खंगाले, वहीं उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान की खाक छानना पड़ी। बदमाशों के पास से मोबाइल जैमर तीन देसी पिस्तौल, 40 कारतूस, नकली आधार कार्ड, मोबाइल फोन, फर्जी पते पर जारी सिम कार्ड बरामद हुए हैं। पुलिस इस मामले में जेल में बंद मास्टर माइंड डकैतों को भी पूछताछ के लिए प्रोडक्शन वारंट पर भोपाल लाने की तैयारी कर रही है। पिपलानी की सनसनीखेज वारदात के पदार्फाश के बारे में सोमवार को पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्रा ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वारदात के बाद बदमाश सड़क मार्ग से राहतगढ़ होते हुए बीना पहुंच गए थे। बीना रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठने के बाद एक आरोपित झांसी में और दूसरा लखनऊ में उतर गया था। दो अन्य आरोपित वाराणसी में जाकर छिप गए थे। क्राइम ब्रांच एवं पिपलानी पुलिस की टीम के लगातार पीछा करने से बदमाश दिल्ली की एक होटल में जाकर छिप गए थे। वहां से सभी झुनझुनू की गोल्ड फाइनेंस बैंक को लूटने की तैयारी से निकले थे। गिरोह लूट की वारदात को अंजाम दे पाता, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। अलग-अलग जेलों में बंद सुबोधसिंह, सनीसिंह और नियंतकसिंह छह सदस्यीय इस गिरोह को समय-समय पर लूट का टारगेट बताते हैं। इस मामले को सुलझाने के लिए एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान एवं राजेश सिंह भदौरिया के निर्देशन में चार टीम बनाई गई थी। टीम को 30 हजार रुपये का इनाम दिया जा रहा है। पुलिस बिहार की बेउर जेल में बंद सुबोधसिंह, सनीसिंह और पश्चिम बंगाल की जेल में बंद नियंतकसिंह को प्रोडक्शन वारंट पर भोपाल लाने की तैयारी कर रही है।एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि जेल में बंद सुबोधसिंह के इशारे पर आरोपित शिवम ने जेल के अंदर एक कैदी की हत्या कर दी थी। जेल से छूटने के बाद शिवम ने गैंग बनाई है जो सिर्फ सोना लूटने का काम करती है। पिपलानी में हुई वारदात के बाद बिहार के छपरा में बैंक डकैती हुई थी। उसमें दो पुलिसकर्मी मारे गए हैं। उस वारदात में भी इस गैंग के शामिल होने का संदेह है।

राज्यपाल पटेल स्पेशल ओलंपिक टॉर्च हेंड ओवर कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल नप्र। राज्यपाल मंगुभाई पटेल स्पेशल ओलंपिक टॉर्च हेंड ओवर कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यपाल ने तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में स्पेशल ओलंपिक दल में शामिल प्रदेश के प्रतिभागियों को मशाल सौंपी। उन्होंने हरी झंडी दिखा कर मशाल वाहकों को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल, सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण और पशुपालन मंत्री प्रेम सिंह पटेल, चेयरमेन स्पेशल ओलंपिक (भारत) श्रीमती मल्लिका नड्डा उपस्थित रही। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने खिलाड़ियों के बीच पहुँच कर उत्साह-वर्धन किया और उनके साथ समूह चित्र खिंचवाया। सदस्य स्पेशल ओलंपिक (भारत) दीपांकर बेनर्जी ने बताया कि मशाल विभिन्न राज्यों का भ्रमण करते हुए मध्यप्रदेश आई है और यहाँ से दिल्ली और फिर बर्लिन जाएगी। बर्लिन में 17 से 25 जून 2023 तक स्पेशल ओलंपिक होगा, जिसमें 175 देश के एथलीट भाग लेंगे। स्पेशल ओलंपिक में भारतीय प्रतिनिधि दल में 300 सदस्य शामिल होंगे। इनमें 225 स्पेशल खिलाड़ी और 75 प्रशिक्षक शामिल हैं।

भोपाल में मंगलवार को स्पेशल ओलंपिक में जा रहे दिव्यांग खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट की।

संक्षिप्त समाचार

पूर्व मंत्री के छोटे भाई के फ्लेट पर चोरी करने वाले बेसुराग

भोपाल नप्र। बागसेवनिया थाना इलाके में रहने वाले पूर्व मंत्री के छोटे भाई के एक सूने फ्लेट का ताला तोड़कर कीमती गहनो सहिल लाखो का माल समेटकर चंपत होने वाले अज्ञात बदमाशो का फिलहाल कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है। मिली जानकारी के अनुसार नारायण नगर स्थित सेंचुरी अपार्टमेंट की तीसरी मजिंल पर पत्नी के साथ रहने वाले अधिवक्ता राघवेन्द्र सिंह (66) पूर्व मंत्री बृजेन्द्र सिंह सिसोदिया के छोटे भाई हैं। उन्होने ने साल 2008 में परिवहन निगम लॉ ऑफिसर के पद से वीआरएस ले लिया था। दो दिन पहले सुबह के समय दंपति अपने एक रिश्तेदार की तेरहवीं में शामिल होने अरेरा कॉलोनी गए हुए थे। इस दौरान अज्ञात बदमाश ने उनके सूने फ्लेट के दो गेटों के ताले चटका दिये और अंदर रखे सोने के नौ तोला सोना, ढाई सौ ग्राम चांदी के जेवरात, नगदी सहित 7 लाख का माल बटोरकर फरार हो गये। वारदात का पता फरियादी को दोपहर करीब तीन बजे उस समय लगा जब वह वापस घर लौटे। दिन-दहाड़े हुए चोरी की वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला कायम कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को अपार्टमेंट की पहली मजिंल पर एक सीसीटीवी कैमरा लगा मिला है। लेकिन वह फ्लेट बंद है, और मकान मालिक शहर से बाहर हैं। उनके लौटने पर पुलिस टीम को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज मिल सकेगी। जिसके बाद ही आरोपियों के बारे में अहम सुराग पुलिस के हाथ लग सकते है। फिलहाल पुलिस इलाके के निगरानी शुदा बदमाशो सहित ऐसे आरोपियो की कुंडली खंगाल रही है, जो अपराधिक मामलो में जेल में थे, और हाल ही में बाहर आये है।

पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के अधिकारियों दी धमकी, मांगे रुपये, जांच में ढिलाई बरतने के नाम पर अधिकारियों से मांगे रुपए

भोपाल नप्र। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बनकर महाराष्ट्र के एक व्यक्ति ने पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के अधिकारियों को धमकी दी है। उसने कहा कि वह मामले की जांच कर रहा है। जांच में ढिलाई के लिए उसने रुपये की मांग भी की है। उस व्यक्ति ने कई अधिकारियों को फोन किया, लेकिन कारपोरेशन के अधिकारी मामले को दबा रहे हैं। इस संबंध में अभी तक पुलिस में भी कोई शिकायत नहीं की गई है। बीते दिनों पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन की संविदा इंजीनियर हेमा मीणा के यहां लगभग सात करोड़ की संपत्ति मिलने के बाद कुछ लोग यहां के अधिकारियों से रुपये ऐंठने के चक्कर में हैं। बता दें कि यह मामला सामने आने के बाद कारपोरेशन ने हेमा मीणा को सेवा से मुक्त कर दिया है। उनकी निगरानी करने वाले परियोजना यंत्री जवाहर सिंह को निलंबित किया जा चुका है। गड़बड़ी की आशंका में अब बदमाश कुछ अधिकारियों को डराकर उन पर दबाव बना रहे हैं। कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक उपेन्द्र जैन ने मामले की जांच के लिए एक तकनीकी समिति बनाई है। समिति हेमा मीणा के अधीन रहे सभी कार्यों की जांच करेगी। दूसरे अधिकारियों ने गड़बड़ी की होगी तो जांच में यह भी सामने आ जाएगा। अगले सप्ताह जांच रिपोर्ट आने की उम्मीद है। मालूम हो कि भोपाल में इसके पहले भी ईडी के नाम पर धमकाकर रुपये मांगने का मामला सामने आ चुका है। दिसंबर 2022 में दो आरोपितों ने एक निजी अस्पताल के डाक्टर को फोन कर कहा था कि वे सीएम हाउस से बोल रहे हैं। एक करोड़ 11 लाख रुपये नहीं दिए तो ईडी का छापा डलवा देंगे। डाक्टर की शिकायत पर दोनों पकड़े गए थे।

संक्षिप्त समाचार

सोशल मीडीया फ्रेंड ने युवती से किया दुष्कर्म

भोपाल नप्र। राजधानी की तलैया पुलिस ने युवती कि शिकायत पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला कायम किया है। आरोपी से पीड़ीता की दोस्ती सोशल मीडीया प्लेटफॉर्म पर हुई थी। पुलिस के अनुसार तलैया इलाके में रहने वाली 19 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि बीते दिनो सोशल मीडीया प्लेफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिये उसकी दोस्ती इतवारा में रहने वाले आदित्य नाम के युवक से हो गई थी। कई दिनों की चैटिंग के बाद उनके बीच बातचीत और मुलाकाते होने लगी। इसके बाद आरोपी ने उसे अपने प्रैम जाल में फासं लिया और एक बार मिलने के लिए बुलाया। मिलने जाने पर आरोपी उसे हरदा लेकर गया और वहॉ बंधक बनाकर उसके साथ जर्बदस्ती शारीरिक संबध बना डाले। इसके बाद आरोपी ने शादी का झांसा देकर कई बार उसका दैहिक शोषण किया। बीते दिनो भी आरोपी ने उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। युवती ने जब उसपर शादी का दबाव डाला तब आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद मामला थाने पहुचां। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

सड़क पार कर रहे दूध बांटने वाले अधेड़ को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, मौत

भोपाल नप्र। गांधी नगर थाना इलाके में सड़क पार कर रहे दूध बांटने वाले अधेड़ को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मुबारकपुर निवासी 50 वर्षीय उमेर सिंह पुत्र भंवर सिंह खेती-किसानी करता था, साथ ही उसने भैंसे पाल रखी थी, जिसका दूध शाम के समय में गांधी नगर इलाके में कई घरों और डेयरी में बांटने का काम करता था। बीती रात वह दूध बांट रहा था। होली फैमली स्कूल के सामने बाइक खड़ी कर किसी काम के चलते वह सड़क पार कर रहा था। तभी एक तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना में उसे जानलेवा चोंटे आर्ठ थी, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजते हुए आगे की जांच शुरु कर दी है।

जालसाजी करने वाले शराब कारोबारियों के खिलाफ एक्शन मोड में आबकारी विभाग

वेस्ट बंगाल के बैंक से फर्जी एफडीआर लगाने वाले कारोबारी को लायसेंस कैंसिल

भोपाल नप्र। अवैध शराब कारोबारियों और फर्जी ढंग से शराब के ठेके देने वाले के खिलाफ आबकारी विभाग इन दिनों पूरी तरह से एक्शन मोड में है। विभाग पूर्व में शराब कारोबारियों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज करा चुका है, ताजा मामले में आबकारी आयुक्त दीपम रायुचरा ने एक और फर्जी एफडीआर का खुलासा करते हुए एफआईआर दर्ज कराए जाने की बात कही है। विभाग द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में दीपक रायूचरा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोहेफिजा थाना इलाके में आने वाले लालघाटी क्षेत्र में राठौर एंड नाहटा एसोसिएशन द्वारा दो कंपोजिट मदिरा की दुकानों का संचालन किया जा रहा था। इस ठेके का डिस्ट्रीब्यूशन अप्रैल 2023 में किया गया था, नियमानुसार ठेका लेने वाले कारोबारी को आबकारी विभाग को बतौर सिक्योरिटी अमाउंट के तौर पर बैंक गारंटी

जमा करानी होती है। लालघाटी स्थित शराब के ठेके को भोपाल के रहने वाले संजू मेहता, सुशील और सुरेंद्र ने लिया था। उन्हें 10 अप्रैल को 1 करोड़ 84 लाख की बैंक गारंटी जमा करनी थी। ठेका लेने के लिए तीनों आरोपियों ने जालसाजी करते हुए फर्जी बैंक गारंटी बनवाया और विभाग को सौंप दिया। ठेका लेते समय समूह द्वारा विभाग को जो बैंक गारंटी दी गई थी, वह सिलीगुड़ी वेस्ट बंगाल की बनी थी, जबकि समूह का लाइसेंसी पता भोपाल का ही था। संदेह होने पर विभाग ने उक्त बैंक गारंटी को चैक कराने के लिए संबंधित बैंक से संपर्क किया था। बैंक ने उन्हें एफडीआर की जांच करते हुए बताया कि यह एफडीआर उनके बैंक से जारी नहीं की गई है, और पूरी तरह फर्जी है। बैंक रिपोर्ट आने के बाद कलेक्टर द्वारा समूह के लाइसेंस निरस्त करते हुए एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे।

आबकारी आयुक्त दीपक रायूचरा ने बताया कि इसकी लिखित शिकायत आबकारी विभाग में जिला सहायक अधिकारी संदीप तोमर द्वारा कोहेफिजा थाने में की गई थी। शिकायत की जॉच के बाद पुलिस ने आरोपियों संजू मेहता, सुशील और सुरेंद्र के खिलाफ फर्जी दस्तावेज लगाकर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की जालसाजी करने वाले शराब व्यापारी का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है] और लालघाटी ग्रुप के नए टेंडर आबकारी विभाग द्वारा जारी किए गए हैं। साथ ही इस तरह की जालसाजी पर अंकुश लगाने और विभाग को राजस्व हानि से बचाने के लिए सभी समूह द्वारा दी गई बैंक गांरटी को चेक किया जा रहा है, और ऐसी जालसाजी से विभाग को जो राजस्व हानि हुई है, जांच के बाद उसकी रिकवरी के लिए एक्शन लिया जाएगा। गौरतलब है, कि मध्यप्रदेश में फर्जी एफडीआर को लेकर यह चौथा मामला सामने आया है, बता दें कि इंदौर जबलपुर भोपाल सहित कई जिले ऐसे हैं, जिसमें शराब व्यापारियों ने शराब की दुकानों के टेंडर डालते समय उनमें फर्जी एफडीआर के पेपर लगाए है।

इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने एम्स में हंगामा किया

भोपाल नप्र। एम्स में बच्चे की मौत को लेकर नाराज परिजनो ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया, जिसके बाद प्रबंधन ने गम में डुबे मृतक मासूम के परिजनो के खिलाफ थाने में शिकायत कर दी। मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार राजधानी निवासी सात साल के सफान खान को 23 मई की तबीयत खराब होने के कारण परिवार वालो ने उसे इलाज के लिये पहले एक निजी अस्पताल एडमिट किया था, लेकिन वहां उसकी हालत और खराब होने पर परिजनों ने उसे एम्स में भर्ती कराया था। यहॉ इलाज के दौरान सोमवार को मासूम ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत को लेकर के परिजन गुस्सा हो गये। एम्स प्रबंधन का कहना था, कि उन्होंने बच्चे को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उसकी हालत नाजुक होने के बाद भी उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा था, इसी बीच उसकी मौत हो गई। और परिजनों ने उन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कर्मचारियों के साथ अभद्रता की और सुरक्षाकर्मियों के साथ भी दुर्व्यवहार किय जो ठीक नहीं है। पुलिस मामले में आगे की जॉच कर रही है। गौरतलब है कि इसके पहले एम्स के सुरक्षा कर्मियों पर मरीजों व उनके परिजनों के साथ अभद्रता करने के आरोप कई बार लगते रहे हैं।

आंधी और ओलावृष्टि से केले की फसल बर्बाद

नेपानगर एसडीएम ने लिया फसल नुकसान का जायजा

भोपाल नप्र। प्रदेश के बुरहानपुर जिले में रविवार रात आई आंधी और ओलावृष्टि ने एकबार फिर से किसानों की सौ एकड़ से ज्यादा की केला फसल को चौपट कर दिया है। सबसे ज्यादा नुकसान नेपानगर और खकनार क्षेत्र में हुआ है। नेपानगर क्षेत्र के डवाली खुर्द के किसान शेभाराम जाधव के करीब दस हजार केले के पौधे तूफान से गिर गए हैं।

इसके अलावा अंबाड़ा, नेवरी, हिंगना, लिंगा, डवाली खुर्द, डवाली कला को मिलाकर करीब सौ एकड़ में लगी केला फसल को नुकसान हुआ है। इसी तरह खकनार के शेखापुर निमंदड़, सावली व धाबा आदि गांवों को मिला कर करीब 40 एकड़ से ज्यादा की केला फसल को नुकसान हुआ है। सोमवार को नेपानगर एसडीएम अजमेर सिंह गौर

ने खेतों में जाकर नुकसानी का जायजा लिया। किसानों का कहना है कि मौसम बदलने के कारण बीस दिन में कई बार फसलों को नुकसान हो चुका है। अचानक बार-बार हो रही वर्षा से जिले के हल्दी व मक्का व्यापारियों को भी इस बार नुकसान उठाना पड़ा है। पूर्व में दो बार खेतों में सूख रही हल्दी, मक्का आदि फसलें भीग चुकी थीं। रविवार रात फिर खकनार क्षेत्र के व्यापारियों की खुले में पड़ी हल्दी भीग गई।

व्यापारी दिलीप पाटिल ने बताया कि बार-बार भीगने से हल्दी का बाजार में अच्छा दाम नहीं मिलेगा।इससे पहले गत 28 अप्रैल को आंधी तूफान और ओलावृष्टि से सैकड़ों एकड़ में लगे केले के पौधे लेट गए थे। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। जिला प्रशासन ने राजस्व, कृषि और उद्यानिकी विभाग के संयुक्त दल से सर्वे कराया था। जिसके बाद 17 करोड़ रुपये मुआवजा तय किया गया था। इसकी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेजी गई है, लेकिन अब तक किसानों के खातों में मुआवजा राशि नहीं आई है।

इस साल मध्यप्रदेश में 71 लाख मैट्रिक टन गेहूं की रिकॉर्ड खरीदी

भोपाल नप्र। मध्य प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023-24 में 71 लाख मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की है।पिछले साल गेहूं की खरीदी 43.3 लाख मैट्रिक टन थी।पिछले वर्ष की तुलना में 27 लाख मैट्रिक टन गेहूं की ज्यादा खरीदी मध्यप्रदेश ने की है। केंद्र सरकार द्वारा इस साल गेहूं की ज्यादा खरीदी करने पर प्रोत्साहन दिया गया था। जैसे जैसे गेहूं का उठाव होता रहेगा। केंद्र सरकार उसमें 90 रूपये प्रति टन के हिसाब से 9 महीने का पूरा खर्च और ब्याज का भुगतान केंद्र सरकार द्वारा दिया जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार ने पिछले वर्ष की तुलना में 27 लाख मैट्रिक टन ज्यादा गेहूं की खरीद की है। इस साल गेहूं खरीदी के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने 29336 करोड रुपए की बैंक गारंटी दी है।गेहूं खरीदी का कर्ज खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम पर बढ़कर 52636 करोड रुपए का हो गया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की दिल्ली में हुई राहुल और खरगे के साथ बैठक

कर्नाटक में जो किया, उसे मध्यप्रदेश में दोहराएगी कांग्रेसः कमलनाथ

भोपाल नप्र। प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की सोमवार को दिल्ली में हुई बैठक में पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि हमारा आंतरिक आकलन हैं कि मध्?य प्रदेश में 150 सीटें जीतेंगे। कर्नाटक में जो किया, हम उसे मध्य प्रदेश में दोहराने जा रहे हैं। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद थे। चुनाव भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ हो रहे अन्याय के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने कहा कि हम सब एक हैं और मिलकर चुनाव लड़ेंगे। बैठक में सीएम के चेहरे को लेकर कोई बात नहीं

हुई। जब राहुल गांधी से पूछा गया कि क्या मप्र विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा कमल नाथ होंगे, तो वे इसे टाल गए। बैठक में भी इस पर कोई चर्चा नहीं हुई।कांग्रेस कार्यालय में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में ढाई घंटे से अधिक समय तक बैठक चली। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने मप्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बूथ, सेक्टर और मंडलम का गठन लगभग पूरा हो चुका है। बैठक में वचन पत्र की तैयारियों को लेकर भी जानकारी दी गई। कमल नाथ ने कहा कि सरकार में आने पर हम महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये महीना, पांच सौ रुपये में रसोई गैस सिलिंडर देंगे, सौ यूनिट बिजली माफी-दो सौ यूनिट आधी दर पर देने, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के साथ किसानों की ऋण माफी पूरी करेंगे। जिन 66 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी को लगातार हार मिल रही है, वहां के लिए अलग कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है। उन्?होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह इन सीटों पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं। 12 जून को जबलपुर में प्रियंका गांधी वाड्रा के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इसको लेकर वरिष्ठ नेता बैठक कर चुके हैं। कमल नाथ ने कहा कि चुनाव में अब सवा चार माह बचे हैं। इस दृष्टि से यह महत्वपूर्ण बैठक थी। इसमें चुनाव के मुद्दे, कार्ययोजना से लेकर अन्य विषयों पर चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस की तैयारियों से राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराया गया। सवाल इस चुनाव में कांग्रेस का नहीं बल्कि प्रदेश के भविष्य का है।

क्षेत्र विशेष पर ध्यान केंद्रित कर काम करें

इस अवसर पर महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयप्रकाश अग्रवाल, मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, नेता प्रतिपक्ष डा.गोविंद सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, संसद सदस्य विवेक तन्खा, राजमणि पटेल, प्रदेश के प्रभारी सचिव सहित उपस्थित थे। पूर्व मंत्री जीतू पटवारी और कमलेश्वर पटेल वर्चुअली बैठक में जुड़े। बैठक में जब वचन पत्र के बारे में जानकारी दी गई तो राहुल गांधी ने कहा कि लंबा-चौड़ा बनाने की आवश्यकता नहीं है। मुद्दों पर फोकस करें। चुनिंदा चीजें होनी चाहिए और वह भी ऐसी जो आमजन को प्रभावित करती हो। हमें सरकार बनानी है। इसके लिए क्षेत्र विशेष पर ध्यान केंद्रित कर काम करें। बार-बार सामने आने वाली आपसी खींचतान की बातों पर उन्होंने कहा कि छोटी-मोटी बातें आपस में चर्चा करके समाप्त करें। यदि कहीं और कोई बात है तो मुझे बताना।बैठक में चुनाव अभियान, प्रबंधन और समन्वय को लेकर समिति बनाने पर भी चर्चा की गई। जल्द ही सभी समीकरणों को ध्यान में रखते हुए समितियां गठित की जाएंगी। चुनाव प्रचार में इंटरनेट मीडिया के सभी माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए कहा गया है। इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से भी सहयोग दिया जाएगा।

ब्रीफ न्यूज

जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर ने की 167 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई

सिंगरौली। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जन सुनवाई में संयुक्त कलेक्टर अरविंद झा एवं राजेश शुक्ला के द्वारा 167 आवेदन पत्रो पर जन सुनवाई की गई। विदित हो कि कलेक्टर सभागार में आयोजित जन सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलो से आये 167 व्यक्तियो द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराते हुये जन सुनवाई कर रहे अपर कलेक्टर को अपना आवेदन दिया गया। जिस पर अपर कलेक्टर द्वय द्वारा कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो के द्वारा त्वारित निराकरण कराया गया। तथा शेष आवेदन पत्रो को विभागीय अधिकारियो को आरे भेजते हुये निर्देश दिया गया कि निर्धारित समय सीमा में आवेदनो को निराकृत कर आवेदनकर्ता को अवगत कराये।

? जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियो को निर्देश देते हुये अपर कलेक्टर श्री झा एवं शुक्ला ने कहा कि जन सुनवाई में आने वाले आवेदनो पत्रो का निराकरण पूरी गंभीरता से करे। शासन की योजनाओ बंचित आवेदनकर्ताओ को उनकी पात्रता अनुसार योजनाओ के लाभ से लभान्वित कराये। आज की जन सुनवाई मे सर्वाधिक आवेदन जिले में कार्यरत औद्योगिक कम्पनियो में रोजगार दिलाने, भूमियो का उचित प्रतिकर दिलाये जाने के साथ ही अधिक आई विद्युत बिलो में सुधार कराने, पात्रता पर्ची में नाम जोड़ने से संबंधित प्राप्त हुये ।जन सुनवाई के विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में हुई 159 प्रकरणों की सुनवाई

रीवा। प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आमजनों की समस्यायें सुनी गईं। संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय ने 159 प्रकरणों की सुनवाई की तथा उन्हें संबंधित अधिकारियों को समाधानकारक निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में रामयश पटेल मलैगवां निवासी ने सार्वजनिक रास्ता को खोलने, बरहदी के रामफल साकेत ने शासकीय आम निस्तार के रास्ते से अतिक्रमण हटाने, चन्द्रवती जायसवाल वनपाडन ने रास्ते का अवरोध दूर करने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदार को तत्काल कार्यवाही किये जाने के निर्देशित किया गया। गंगहरा निवासी गोकर्ण प्रसाद द्विवेदी, जेरूका निवासी नागेश्वर प्रसाद शुक्ला एवं फरहदा के लालमणि यादव के सीमांकन के आवेदन पर संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को सीमांकन की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। उन्होंने रौसर के शारदा प्रसाद कुशवाहा द्वारा दिये गलत सीमांकन किये जाने के आवेदन पर तहसीलदार हुजूर को समुचित कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान रीवा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 15 शिवाजी नगर के निवासियों ने जल भराव को रोकने के उद्देश्य से नाला निर्माण कराये जाने का आवेदन दिया जिसे नगर निगम को प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के लिये कहा गया। इसी प्रकार बरेतीकला के लवकेश मिश्रा के खसरा सुधार के आवेदन पर एसडीएम को कार्यवाही हेतु निर्देश किया गया। जामू निवासी दुलारी गौतम ने फर्जी तरीके से किसान क्रेडिट कार्ड से राशि आहरण किये जाने के आवेदन पर अग्रणी जिला प्रबंधक को कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सिरसा मनगवां के छोटे लाल, रमोले आदि ग्रामवासियों ने पट्टे के तालाब के पानी में जहर डालकर मछली मारने की शिकायत की जिस पर मत्स्य विभाग के अधिकारियों को जांच कर समुचित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्व अधिकारियों का प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक 2 जून को

रीवा। अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री ने बताया कि राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 2 जून को प्रातः 10 बजे से आयोजित की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक राजस्व अधिकारियों को राजस्व कार्य का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत अपरान्ह 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक होगी। अपर कलेक्टर ने बताया कि राजस्व अधिकारियों को प्रातः 10 बजे से 10.40 बजे तक संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय स्वामित्व योजना एवं आवासीय भूअधिकार कार्यों का प्रशिक्षण देंगे। 10.40 बजे से 11.20 बजे तक नायब तहसीलदार अनूप कुमार पाण्डेय राजस्व आदेश एवं इसके क्रियान्वयन का प्रशिक्षण देंगे। वे राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, बटवारा, एवं सीमांकन प्रकरणों में आदेश बनाने की प्रक्रिया समझायेंगे। जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक आशीष दुबे आरसीएमएस में डाटा अपलोड करने का प्रशिक्षण देंगे।

विक्रेता के खिलाफ कार्यवाही करने से अधिकारी कर रहे परहेज

समय | सीधी

जिला मुख्यालय के समीपस्थ उचित मूल्य की दुकान पड़रा में पदस्थ विक्रेता जीतेन्द्र सिंह सेंगर के खिलाफ काफी शिकायतें थी इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करने से परहेज कर रहे हैं। हालात यह है कि विक्रेता द्वारा दो माह पहले हितग्राहियों से अंगूठा लगवाकर उन्हे खाद्यान्न नहीं दे रहे हैं। इस तरह का ही मामला कुसमी ब्लाक में आया था जिसमें विक्रेता पर कार्यवाही हुई लेकिन यहां पदस्थ विक्रेता पर कार्यवाही नहीं हो रही है। कही न कहीं राजनीतिक पकड़ होने के कारण उन पर कार्यवाही से परहेज किया जाता है जबकि यह विक्रेता पनवार में भी पदस्थ हैं दो दुकानों की जिम्मेदारी इन पर है जो समय पर दुकान भी नहीं खोलते हैं। इन सबके बावजूद भी खाद्य विभाग के अधिकारी जांच करने से परहेज कर रहे हैं। मालुम हो कि पड़रा पंचायत काफी बड़ी पंचायत हो गई है यहां वैसे भी दो दुकान संचालित होनी चाहिए लेकिन एक दुकान होने के बाद भी जो कोटेदार पदस्थ हैं वहां हफ्ते में दो दिन भी आना उचित नहीं समझते हैं। कभी कभार आकर महीने के दो माह पहले तक अंगूठा हितग्राहियों से लगवाकर चले जाते हैं बाद में जब हितग्राही खाद्यान्न की मांग करते हैं तो वह कह देते हैं कि आपका खाद्यान्न चला गया है। जबकि इस तरह की कई शिकायतें आई हैं, इस मामले में शिकायत के बाद कार्यवाही नहीं होती है। वहीं पड़रा के विक्रेता जीतेन्द्र सिंह सेंगर पनवार में भी कोटेदार हैं वहां भी इस तरह का रवैया अपना रहे हैं। पड़रा में नियमित विक्रेता की जरूरत होनी चाहिए बड़ी पंचायत हैं। यहां शासन द्वारा दो पंचायतों में एक विक्रेता को रखना भी समझ से परे है। कुल मिलाकर यह माना जा सकता है कि इस तरह की लापरवाही विभागीय अमले या जनप्रतिनिधियों के इशारे पर हो रही है।

सीएम हेल्पलाइन में भी की जा चुकी हैं शिकायतें

पड़रा पंचायत को लेकर सीएम हेल्पलाइन में भी 17 अप्रैल को शिकायत क्रमांक 21831262 में की गई थी। शिकायतकर्ता जगन्नाथ द्विवेदी ने खुद सीएम हेल्पलाइन में शिकायत किया कि उनका खाद्यान्न दो माह से नहीं दिया गया अंगूठा लगाने के बाद यह कह दिया गया कि आपको खाद्यान्न मिल चुका है। शिकायत के बाद भी तरह-तरह का दवाब जिम्मेदार अधिकारी शिकायत काटने को लेकर बना रहे हैं। हालात यह है कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद अभी तक निराकरण करना भी उचित नहीं समझा जा रहा है। बल्कि विक्रेता पर इतनी मेहरबानी दिखाई जा रही हैं कि खाद्य विभाग के अधिकारी इन कोशिशों में लगे हैं कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को क्लोज कर दिया जाय।

कलेक्टर यदि संज्ञान में लेंगे तो होगी कार्यवाही

जिस तरह कुसमी विकासखंड अंतर्गत एक विक्रेता उचित मूल्य दुकान के खिलाफ इसी तरह का मामला था विक्रेता द्वारा भी अंगूठा लगाकर खाद्यान्न नहीं दे रहे थे बल्कि बाद में कह देते थे कि आपका खाद्यान्न जारी हो गया है। हुबहू मामला पड़रा पंचायत में भी एवं पनवार पंचायत में भी देखने को मिल रहा है। यहां उचित मूल्य दुकान का विक्रेता जीतेन्द्र सिंह सेंगर की भी यही स्थिति है। उनके द्वारा हितग्राहियों को खाद्यान्न न देने के वजाय अंगूठा लगवाकर भेज दिया जाता है बाद में कुछ को खाद्यान्न देते हैं एवं कइयों को यह कहकर गुमराह किया जाता है कि आपने अंगूठा लगाया था खाद्यान्न मिल चुका है। इसकी जांच होगी तो सच्चाई का पर्दाफाश हो सकता है।

मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजनान्तर्गत बैठक संपन्न

रीवा । युवाओं को अध्ययन उपरांत कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण देकर उनकी आय को बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना आरंभ की गई है। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में उद्योगपतियों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि शासन की यह योजना युवाओं के लिये वरदान होगी। इसके तहत 12वीं पास अथवा आईटीआई या डिप्लोमा उत्तीर्ण युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर उद्योग में रोजगार पाकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। उन्होंने उद्योग संघ के प्रतिनिधियों से कहा कि अपने संस्थान में आवश्यकतानुसार युवाओं की मांग दें ताकि पात्र युवाओं को उनके संस्थान में भेजा जा सके। इस प्रकार संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को 25 प्रतिशत संस्थान को वहन करना होगा शेष 75 प्रतिशत भाग शासन द्वारा दिया जायेगा।

ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए ब्राह्मण को होना पड़ेगा संगठितः कुलदीप भारद्वाज

सीधी। मानस भवन में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा चिंतन बैठक के रूप आदिगुरु शंकराचार्य के संदर्भ महत्ता में आयोजन किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में तुलसी जी प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत उसी क्रम मेंआयोजन में सभी ब्राम्हणों ने अपना विचार रखे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज ने कहा कि अब समय ऐसा हो गया है एक हाथ में शस्त्र और एक हाथ में सास ब्राह्मण अपने साथ रखें और अपने ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए और कई बातें कहीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राह्मणों को आवाहन किया की 3 जुलाई 2023 ब्राह्मणों के हितार्थ हेतु विधानसभा मध्य प्रदेश का घेराव किया जाएगा जिसमें ब्राह्मण समाज से आग्रह किया कि सभी लोग भोपाल पहुंचे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने घोषणा की कि सीधी जिले के अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा के जिले का दायित्व अजय मिश्रा को दिया जाता है और जिला अध्यक्ष बनाया जाता है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजेश दुबे ने माला पहना कर जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दिए। दिल्ली से पधारे अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कुलदीप भारद्वाज , प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजेश दुबे , कार्यकारी अध्यक्ष आशा शुक्ला , प्रदेश संगठन मंत्री अवनीश शर्मा , संभागीय संयोजक पंडित स्तुति मिश्रा , आयोजक पंडित अजय मिश्रा , डॉ राजेश मिश्रा , अमलेश्वर चतुर्वेदी , लक्ष्मीकांत शर्मा पंडित देवेंद्र मिश्रा गुड्डू , पंडित बृजेश पाण्डेय भरत , शरद गौतम , विपिन मिश्रा , रवि पांडे , रिंकू तिवारी ,रामा नायक तिवारी , विमलेश द्विवेदी , मनोज मिश्रा , पी एल मिश्रा , शिवम मिश्रा , रविनंदन पांडे , आशीष तिवारी , फूलचंद मिश्रा , चंद्रिका प्रसाद तिवारी , राम दुलारे चतुर्वेदी , हिंच लाल त्रिपाठी , संजीवधर द्विवेदी , रामराज द्विवेदी ,अनूपदेव मिश्रा , मृत्युंजय प्रसाद गौतम , जीवेंद्र कुमार शुक्ला , कृष्ण कुमार शुक्ला , लक्ष्मीकांत शर्मा , आकाश मिश्रा , संजीव शुक्ला , अजय पांडे , अजीत कुमार मिश्रा , देवदंत मिश्रा उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय माडा, जिला सिंगरौली में रोजगार मूलक अल्पकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

सिंगरौली। शासकीय महाविद्यालय माडा में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार स्वामी विवेकानंद कैरियर प्रकोष्ठ के द्वारा एक माह का रोजगार मूलक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया इस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सीमा चौरसिया एवं प्राध्यापक डॉक्टर गोविंद बाथम, डॉक्टर वैद्यनाथ चर्मकार एवं श्री पुष्पेंद्र तिवारी जी के द्वारा किया गया समस्त उपस्थित अतिथि गणों के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मंच के संचालन का कार्य महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी प्रदीप कुमार कछवाहा के द्वारा किया गया साथ ही यह जानकारी दी गई थी इस प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के छात्र ङ्क छात्राओं को सिलाई ,कढ़ाई ,मछली पालन एवं मुर्गी पालन तथा अन्य रोजगार संबंधी जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा साथ ही इन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे इस प्रशिक्षण शिविर के संयोजक श्रीमती सीमा चौरसिया महाविद्यालय के समस्त छात्र एवं छात्राओं को रोजगार प्रशिक्षण शिविर संबंधी जानकारी प्रदान की साथ ही अधिक से अधिक संख्या पर इस प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेने के लिए मोटिवेट किया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी ए प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे साथ ही महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी की उपस्थिति गरिमामय थी ।

एनटीईपी संविदा कर्मियों ने जिला क्षय अधिकारी के खिलाफ खोला मोर्चा

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला क्षय अधिकारी को प्रभार से हटाने हेतु सौंपा ज्ञापन

समय | सिंगरौली

एनटीईपी कार्यक्रम के अधीन संविदा के रूप में कार्यरत कर्मचारियों ने आज जिला क्षय अधिकारी डॉ. विशेष सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संविदा कर्मचारियों का कहना है कि जिला क्षय अधिकारी जब से आये हैं तब से सभी कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं तथा भरी मीटिंग में भद्दी-भद्दी गालियां देते हैं विरोध करने पर संविदा समाप्त करने की धमकी दी जाती है। संविदाकर्मियों ने आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है। एनटीईपी संविदाकर्मियों ने आरोप लगाया कि जिला क्षय अधिकारी द्वारा सभी संविदाकर्मियों को फोन लगाकर एवं सामने जूते मारने की धमकी दी जाती है तथा कहा जाता है कि हम तुम्हारी नौकरी खा जायेंगे। उन्होने कहा कि जिला क्षय अधिकारी द्वारा बोला जाता है कि तुम लोग जहां जाते हो उसकी वीडियो रिकार्डिंग करो नहीं करने पर मानदेय रोक दिया जाता है। संविदाकर्मियों का कहना है कि वह मानसिक रूप से काफी प्रताड़ित हुये हैं तथा अब जिला क्षय अधिकारी विशेष सिंह के अंडर में कार्य नहीं करना चाहते। संविदाकर्मियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कहा है कि जब तक जिला क्षय अधिकारी को नहीं हटाया जाता है तब तक सभी कर्मचारी एनटीईपी का कार्य नहीं करेंगे। इस दौरान वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, अरूण कुमार वैश्य, शिवलाल रावत, जावेन्द्र कुमार, धमेन्द्र कुमार रावत, आशीष कुमार गुप्ता, पुष्पराज त्रिपाठी, मो. इरसाद, राज कुमार सिंह सहित दर्जनभर कर्मचारी मौजूद रहे।

जिन हाथों में होनी थी किताबें वे मजदूरी करने को हैं मजबूर : राजू

समय | सीधी

विभिन्न प्रतिष्ठानों में कार्यरत बाल श्रमिकों को लेकर लंबे समय से विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बाल श्रमिकों के लिये खोले गये श्रम विद्यालय तो वर्षो पहले बंद हो चुके हैं। जिन हाथों में किताबें होनी चाहिए थी वे बाल श्रम करने पर मजबूर देखे जा रहे हैं। उक्त बाते मुलायम यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव एवं समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता जय सिंह राजू ने कहीं है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, मजदूर किसान आदि वर्गो के जीवन स्तर को सुधारने के लिये प्रयासरत नहीं है। वहीं प्रशासनिक अमला अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीन होकर गहरी नींद में सो रहा है। अन्यथा छोटे-छोटे बालकों को बालश्रम अधिनियम होने के वावजूद भी मजदूरी नही करनी पड़ती। शहर में बाल श्रमिकों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है परंतु जिम्मेदारों को बालश्रमिक नजर नहीं आते। आलम यह है कि शहर में बाल श्रमिकों की बहुतायत के वावजूद भी अधिकारी अनजान बने हुये हैं। जिन हाथों में कलम होनी चाहिए आज वे हाथ मैले कुचैले वस्त्र पहनकर श्रम करने को मजबूर हैं। शिक्षा विभाग भी इनके प्रति उदासीन बना हुआ है। जबकि पढ़ना-बढ़ना योजना के तहत इन बच्चों को स्कूल में दाखिल करने का प्रावधान है परंतु जिम्मेदारों की नजर इन तक आज भी नहीं पहुंच पाई है। मुलायम यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव एवं समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता जय सिंह राजू ने कहा कि जिले के स्थानीय शहर से लेकर छोटे-छोटे कस्बों तक बाल श्रमिकों की भरमार है। होटल, मोटर गैरेज, ईंट भट्ठा अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान आदि में बाल श्रम कराया जा रहा है। जिला मुख्यालय के समीप होटलों से लेकर शहर के व्यस्त चौक व बाजार की दुकानों में भी बाल श्रमिक लगे हुये हैं। जहां एक ओर शासन लाखो रूपया खर्च कर बाल श्रम निरोधक उन्मूलन कानून को जन-जन तक पहुंचा रही है वहीं बाल श्रम अनवरत जारी है। इस पर विराम लगने के आसार नही दिखाई पड़ते। उन्होने कहा कि वैसे तो जिले में श्रम विभाग में तीन श्रम निरीक्षक पदस्थ हैं। परंतु आश्चर्य की बात है कि इन मामलों में इन्हें कुछ पता नहीं है। शहर तथा कस्बों की व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में इन्हें कही भी एक भी बाल श्रमिक नहीं दिखते। इससे साफ जाहिर होता है कि ये जानबूझकर अनजान बने हुये हैं। ये अधिकारी अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार नही हैं, जिसका खामियाजा अबोध मासूमों को झेलना पड़ रहा है।

एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य क्लब द्वारा कॉमेडी शो का किया गया आयोजन

समय | सिंगरौली

एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य क्लब द्वारा दिनांक 28 मई 2023 को विंध्य क्लब परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम ÷मुस्कान÷ के अंतर्गत स्माइल एंड आर्ट शो, म्यूजिक व डांस शो एवं आइकोनिक लाफ़्टर शो का आयोजन किया गया, जिसमें विंध्य क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़ का अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) श्री सुभाष चन्द्र नायक, अध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती श्रोत्सिविनी नायक एवं महाप्रबंधक (एफ एम) श्री जे पी राय उपस्थित रहें। इस अवसर पर विंध्य क्लब द्वारा मुंबई से स्टैंडअप कॉमेडियन के लिए श्री शुभम शांडिल्य, सैंड आर्टिस्ट शो के लिए श्री जयेश बोरसे एवं डांस ग्रुप को आमंत्रित किया गया था। जिसमें कॉमेडियन शुभम शांडिल्य नें अपने एक्टिंग के माध्यम से उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सभी नें जमकर इस कार्यक्रम का लुत्फ उठाया और खूब हंसे। साथ ही सैंड आर्टिस्ट ने सैंड आर्ट के जरिए एनटीपीसी विंध्याचल की कहानी दिखाई और उसने चमकीली तस्वीर भी बनाई। जिसे देखकर सभी रोमांचित हो उठे। इस कार्यक्रम को सभी नें खूब सराहा। इस अवसर पर विंध्य क्लब कमेटी द्वारा कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) श्री सुभाष चन्द्र नायक एवं महाप्रबंधक (एफ एम) श्री जे पी राय की फेयरवेल पार्टी का भी आयोजन किया गया। साथ ही विंध्य क्लब द्वारा मुख्य अतिथि एवं आए हुये अन्य अतिथियों हेतु लजीज पकवान की भी व्यवस्था की गई थी। जिसका सभी ने भरपूर लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव (विंध्य क्लब) श्री वेदप्रकाश के साथ-साथ विंध्य क्लब के सदस्यगणों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीगण, सुहासिनी संघ की पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण व उनके परिवारजन, सचिव (विंध्य क्लब) श्री वेदप्रकाश के साथ-साथ विंध्य क्लब के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहें।

एनसीएल की परियोजनाओं में मिशन LiFE के तहत वृहद स्तर आयोजित किए जा रहे हैं जागरूकता कार्यक्रम

समय | सिंगरौली

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की सभी परियोजनाओं में ÷मिशन लाइफ पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली÷ पर वृहद स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को अपनी लाइफ स्टाइल में बदलाव कर पर्यावरण संरक्षण के साथ अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में एनसीएल की जयंत परियोजना द्वारा विजय स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे आरोहण कैंप में मिशन लाइफ के तहत बच्चो को बताया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कैसे कम करना है और स्वस्थ्य जीवन शैली के लिए खेल कूद की भूमिका के बारे में बच्चो को जागरूक किया गया। साथ ही बच्चो को उर्जा संरक्षण, RRR (Reduce, Reuse & Recycle) के सम्बन्ध में भी जागरूक किया गया । एनसीएल की दूधीचुआ परियोजना ने आस-पास के गांवों में फलदार वाले पौधों का वितरण किया व पर्यावरण जागरूकता कैलेंडर, कपड़े की थैलियां बांटकर मिशन स्द्धस्रश्च के बारे में जागरूक किया। एनसीएल की परियोजनाओं में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, रैली, शपथ ग्रहण जैसे आदि कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। एनसीएल में मिशन लाइफ के अंतर्गत चिन्हांकित सात प्रमुख विषय वस्तुओं जैसे 1) ऊर्जा की बचत, 2) पानी की बचत, 3) एकल उपयोग प्लास्टिक को न कहें, 4) सतत खाद्य प्रणालियों को अपनाना, 5) अपशिष्ट कम करना, 6) स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाना, 7) ई वेस्ट को कम करना से संबन्धित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के विषय में चलाएं जन जागरूकता अभियानः मालवीय

सीधी। जिले में 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के आयोजन के संबंध में कलेक्टर साकेत मालवीय की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर मालवीय ने कहा कि 31 मई मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर समाज में बढ़ती हुई नशा दुष्प्रवृत्ति, नशे के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाव एवं जन जागृति के लिए जिले के सभी विकासखंडों में नशामुक्ति अभियान चलाया जाए।

31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस का मुख्य उद्देश्य समाज, युवाओं एवं बच्चों को तम्बाकू से बने उत्पादन के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, टीबी, हृदय रोग आदि से बचाव करने के लिए जन जागृत लाना है जिससे समाज से नशे की दुष्प्रवृत्ति को समाप्त करना है।

कलेक्टर मालवीय ने पुलिस, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, जन अभियान परिषद, प्रजापति ब्रह्मा कुमारी, गायत्री परिवार, स्वैच्छिक संस्थान, धार्मिक संस्थाओ की सहभागिता निर्धारित करते हुए जन जागृति के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान में जिले के सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

सभी विभाग प्रमुख अपने कार्यालय से ही इस अभियान की शुरूआत करें। उन्होने कहा कि अपने कार्यालय तथा अपने संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को नशे के कारण होने वाले दुष्परिणामों के विषय में जागरूक करें तथा उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने शासकीय सार्वजनिक स्थलों के आसपास बैनर द्वारा नशा मुक्ति के संदेश का प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी, महिला एवं बाल विकास एवं शिक्षा विभाग, जन अभियान परिषद द्वारा समर कैंप में प्रतियोगिताएं चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण, रंगोली, मैराथन, प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत, तंबाकू से दुष्परिणाम पर आधारित वॉल पेंटिंग, मानव श्रृंखला, पंपलेट वितरण, हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लोगों को जागरुक करने हेतु निर्देश दिए।

थाना प्रभारियों को शीघ्र कार्यवाही के दिये निर्देश

पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई में पहुंचे सैकड़ों आवेदक पुलिस अधीक्षक नें आवेदक की सुनी शिकायत

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली मो. यूसुफ कुरैशी (भा.पु.से.) द्वारा आज दिनांक 30.05.2023 दिन-मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में बने रूस्तम जी कॉनफ्रेन्स हॉल में जनसुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक की जनसुनवाई में श्री देवेश पाठक, नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर, निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी, थाना प्रभारी नवानगर, उप निरीक्षक रूपा अग्निहोत्री, उप निरीक्षक जीतेन्द्र भदौरिया, उप निरीक्षक विनोद सिंह, उप निरीक्षक पंचराज सिंह उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक मो. यूसुफ कुरैशी की जनसुनवाई में एक सैकडा से अधिक लोग उपस्थित हुये जिसमें से आवेदक के रूप में 63 व्यक्तियों नें आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक नें शिकायतो को गंभीरता से सुना गया, 17 शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई के दौरान वायरलेस कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जब भी आवेदक थाना में उपस्थित होकर अपनी फरियादी सुनाता है तो उसे गंभीरता से सुना जाये। यदि आवेदक के साथ किसी शासकीय सेवक ने अभद्रता पूर्वक व्यवहार किया तो संबंधित के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक के समक्ष दूसरे विभाग से संबंधित शिकायतो पर सुनवाई करते हुये एवं उन्हे सही मार्गदर्शन बताते हुये समझाया गया। साथ ही संबंधित विभाग से चर्चा कर कार्यवाही किये जाने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए करीबन 63 आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस)/थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी को त्वरित जॉच कर आवेदक की शिकायत का निराकरण किये जाने के आदेश दिये गये। जनसुनवाई में महिला फरियादियों की शिकायतो को तत्परता से कार्यवाही किये जाने हेतु महिला पुलिस अधिकारी से शिकायत की कॉउंसलिंग कराई जाकर उनकी शिकायतो के निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई की प्रत्येक शिकायत हमारे लिये महत्वपूर्ण है, भले ही वह शिकायत अन्य विभाग से संबंधित क्यों ना हो उसके समाधान के लिये हमे हरसंभव प्रयास किये जाने है, संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर उनका निराकरण कराया जाना है, ताकि कोई भी आवेदक निराश ना रहे।पुलिस अधीक्षक द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि जन सुनवाई के दौरान आने वाले नागरिकों के साथ शिष्ट एवं विनम्र व्यवहार किया जावे। प्रत्येक आवेदक की शिकायतो को ध्यानपूर्वक सुना जाकर एवं निराकरण हेतु सकारात्मक कार्यवाही की जावे।पुलिस अधीक्षक नें थाना प्रभारी को यह हिदायत दी गई कि यदि कोई पुलिस अधिकारी आवेदक की शिकायत को अनाधिकृत रूप से जॉच में लंबित रखता है तो उसके विरूद्ध की जायेगी कार्यवाही। प्रत्येक शिकायत का निराकरण समय सीमा में किये जाने के दिये गये निर्देश।

अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र लायसेन्स निलंबित

सीधी। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के अधिसूचना दिनांक 26.05.2023 के अनुसार पंचायतों के आम निर्वाचन/उप निर्वाचन-2023 (पूर्वार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ-साथ आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय ने आदेश जारी कर आयुध अधिनियम, 1959 की धारा-17(3) के तहत ग्राम पंचायत बोकरो तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी के समस्त अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र लायसेन्स तत्काल प्रभाव से 19 जून 2023 तक के लिए निलंबित किया है। साथ ही शस्त्र लायसेन्सधारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपना शस्त्र आदेश दिनांक से आगामी 03 दिवस के अन्दर निकटतम पुलिस थाना में जमा कर पावती प्राप्त कर लें।

जनसुनवाई में त्वरित सहायता मिलने से लोगों को मिल रही राहत

सीधी। नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। जनसुनवाई में कलेक्टर सहित उपस्थित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा जिले के दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों की समस्याओं को मौके पर निराकृत कर उन्हें राहत प्रदान की जाती है। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर दी जाती है जिससे आवेदकों को अनावश्यक नहीं भटकना पड़े। ऐसे ही जनसुनवाई में ग्राम चुरहट वार्ड क्रमांक 10 तहसील चुरहट से आये दिव्यांग अजीत साहू ने कलेक्टर साकेत मालवीय को बताया कि जन्म से ही पैर से विकलांग हो जाने के कारण वे चलने में असक्षम है। उन्हें स्कूल, घर में या कही भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। उन्होने कहा कि यदि हमें बैशाखी प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगें और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। उसकी शारीरिक स्थिति को देखते हुए कलेक्टर श्री मालवीय ने सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग की ओर से बैशाखी प्रदान कराई। अजीत साहू ने बताया कि शासन द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन 600 रूपये और शासकीय उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न भी प्राप्त हो रहा हैं। समस्या का त्वरित निराकरण होने से अजीत संतुष्ट दिखे।

सीएम के साथ अभय सिंह चौहान ने किया पौधरोपण

वृक्ष के बिना जीवन सम्भव नहीं: अभय

सीधी। विगत दिवस सीधी के युवा समाजसेवी अभय सिंह चौहान विशेष बैठक में भोपाल पहुँचे थें और इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में नीम, अमरूद और मौलश्री के पौधे लगाए। साथ ही प्रदेश के मुखिया द्वारा सभी को पौधरोंपण हेतु प्रेरित करने की दिशा में शोसल मीडिया पर एक सकारात्मक संदेश भी प्रेषित किया गया। आपको बताते चलें कि सीएम की सराहनीय पहल का अनुशरण करते हुए लोग अब अपने जन्म दिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं अन्य अवसरों पर पौध रोंपण कर उसके सुरक्षा का संकल्प ले रहें है साथ ही शोसल मीडिया के माध्यम से फोटो वीडियो अपलोड कर दूसरों को प्रेरित कर रहे हैं। पौध रोपण की उक्त मुहिम सीधी में ही नही अपितु मध्य प्रदेश में जोरों पर चल रही है जो कि पर्यावरण संतुलन में मील का पत्थर साबित होगी। अभय सिंह चौहान डैनिहा सीधी ने चर्चा के दौरान बताया की वे एक आवश्यक बैठक में भोपाल गये हुए थें। जहॉ प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, मध्य प्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानदं शर्मा से मिल कर

सामाजिक एवं राजनैतिक विषयों पर चर्चा की गई। श्री सिंह ने चर्चा के दौरान बताया की आए दिन निरंतर पेड़ों की कटाई होती जा रही है, जिससे आज पर्यावरण पूरी तरीके से दूषित होता चला जा रहा है। जलवायु प्रभावित हो रही है जिसके चलते पर्यावरण में काफी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। आज समय की मांग है की हम सभी संकल्प लेकर अपने जीवनकाल में अधिक से अधिक पेड़ लगाये और मुख्यमत्री के हरे भरे मध्य प्रदेश के सपने को साकार करें। श्री सिंह ने आगे बताया की पेड़ो के बिना मानव जीवन की कल्पना भी अधुरी है, पेड़ नही तो हम नही इस संदेश को समझें।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की जन सेवा अभियान की समीक्षा

जन सेवा अभियान का मूलमंत्र सुशासन हैः मुख्यमंत्री

सीधी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा अभियान का मूल मंत्र सुशासन है। इस अभियान में लाखों आवेदन पत्रों का निराकरण करके हितलाभ का वितरण किया गया है। सभी जिलों में आवेदन पत्रों के निराकरण का प्रतिशत 94 से अधिक है।

प्रक्रियागत कारणों से ही केवल कुछ हजार आवेदन पत्र लंबित हैं। इनका भी 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से निराकरण करें। अभियान के माध्यम से आमजनता को बहुत से लाभ सरलता से प्राप्त हो गए हैं जिनके लिए उन्हें कई बार कार्यालयों में भटकना पड़ता है। सभी जिलों में प्रभारी मंत्री जनसेवा अभियान की समीक्षा करें। अभियान के दौरान अविवादित नामांतरण, सीमांकन तथा जाति प्रमाण पत्र के हजारों आवेदन पत्र निराकृत किए गए हैं। सभी पात्र व्यक्तियों को जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से जारी करें। कलेक्टर जनसेवा अभियान के सभी आवेदन पत्रों का समुचित निराकरण सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन के ही प्रकरण बड़ी संख्या में दर्ज किए गए हैं। अभियान में जिले के अधिकारियों ने बहुत अच्छा कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना में बिना किसी के शिकवा-शिकायत के प्रदेश में एक करोड़ 25 लाख से अधिक आवेदन पत्र ऑनलाइन दर्ज किए गए हैं। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। सभी पात्र बहनों के बैंक खाते 10 जून के पहले डीबीटी करा दें। लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र एक जून से घर-घर जाकर बहनों को प्रदान किए जाएंगे।

जिले के प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधि स्वीकृति पत्र वितरण में भागीदारी निभाएं। इस योजना के तहत 9 जून की शाम को सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों के वार्डों में कार्यक्रम आयोजित कर उल्लास का वातावरण बनाएं। बहनों को 10 जून को उनके बैंक खाते में एक हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति हेतु विहित प्राधिकारी नियुक्त

सीधी। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल के अधिसूचना दिनांक 26.05.2023 के अनुसार पंचायतों के आम निर्वाचन/उप निर्वाचन- 2023 (पूर्वार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ-साथ आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। सामान्यतया यह पाया गया है कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्रचार-प्रसार आदि के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का अनियंत्रित प्रयोग बहुधा सामान्य नागरिकों को परेशानी का कारण बनता है। विशेषकर छात्रों, रोगी तथा वृद्धों को गंभीर असुविधा होती है जहाँ प्रजातांत्रिक प्रक्रियाओं में अभिव्यक्ति का अधिकार महत्वपूर्ण है, वही इस अधिकार को इस प्रकार परिभाषित किया जाना आवश्यक है कि वह सामान्य जन मानस को मानसिक शारीरिक क्लेश न पहुँचायें। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय ने ग्राम पंचायत बोकरो तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी के आम/उप निर्वाचन वर्ष 2023 को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने एवं कोलाहल के नियंत्रण के उद्देश्य से म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 के सहित म.प्र. ध्वनि प्रदूषण (विनयमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के तहत प्रदत्त शाक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति तथा उम्मीदवार इलेक्शन एजेन्ट या दल के सदस्य एवं समर्थक आदि ध्वनि विस्तार के यंत्रों एवं लोक सम्बोधन प्रणाली का उपयोग दिनांक 19.06.2023 तक बिना विहित अधिकारी के अनुमति से नहीं कर सकेगा। ग्राम पंचायत बोकरो तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी क्षेत्रान्तर्गत आम ध्उप निर्वाचन हेतु संबंधित ग्राम पंचायत में रात्रि 10 से प्रात: 6 बजे के बीच किसी भी तरह का ध्वनि विस्तारक यंत्र का लोक सम्बोधन प्रणाली का उपयोग नहीं किया जावेगा एवं नहीं चलाया जायेगा, न ही उक्त अवधि में उपयोग की अनुमति दी जावेगी। किसी चिकित्सालय, नर्सिंग होम, टेलीफोन इक्सचेंज, न्यायालय, शिक्षण संस्थाएं, छात्रावास, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं के कार्यालय, स्थानीय प्राधिकरण के कार्यालय तथा बैंक के 100 मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किसी भी खुले या सार्वजनिक स्थान में टेप या अन्य प्रकार से पूर्व रिकार्ड की हुई संगीत या आवाज को बजाने के लिए नहीं किया जावेगा। जारी आदेशानुसार इस अधिनियम के प्रयोग के लिए अधिनियम की धारा 2 (घ) के अन्तर्गत उपखण्ड मजिस्ट्रेट चुरहट/रामपुर नैकिन को ग्राम पंचायत बोकरो तहसील रामपुर नैकिन के लिए विहित प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

निगाही क्षेत्र ने सीएसआर के तहत घारौली खुर्द में लगाया पोषक आहार वितरण शिविर

सिंगरौली। सोमवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के निगाही क्षेत्र ने निगमित सामाजिक दायित्व के तहत वार्ड क्रमांक 23, घरौली खुर्द में नि:शुल्क पोषण शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान 58 गर्भवती महिलाओं, 32 धात्री महिलाओं एवं 20 बच्चों को पोषक आहार जैसे गुड़, चना, प्रोटीन पाउडर तथा आयरन व कैल्शियम एवं मल्टीविटामिन का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों को घर व आस पास की स्वच्छता, बच्चों के पोषण तथा महिलाओं के स्वास्थ्य तथा खान-पान से संबन्धित जानकारियाँ दी गईं। उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामलल्लू वैश्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गौरतलब है कि निगाही क्षेत्र के सौजन्य से सीएसआर के तहत समय समय पर स्वास्थ्य व पोषण शिविर का आयोजन सहित विभिन्न समग्र विकास के कार्य किए जाते रहें हैं।

सीसीएलई गतिविधि पर आधारित जिला स्तरीय 4 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

सीधी - जिला शिक्षा अधिकारी डॉ प्रेम लाल मिश्रा ने बताया कि आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल के निर्देशानुसार सतत व्यापक अधिगम और मूल्यांकन (सीसीएलई) गतिविधियों पर आधारित जिला स्तरीय 4 दिवसीय सीसीएलई आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 23 मई से 30 मई 2023 तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के विवेकानन्द सभागार में संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त शासकीय हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य तथा एक शिक्षक को उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश थे।

प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य सभी छात्र/छात्राओं में बहुआयामी, बिना लिंग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय के गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना तथा सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास करना है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सिहावल व रामपुर ब्लॉक के प्रतिभागी शिक्षक दिनांक 23 मई से 26 मई तक तथा द्वितीय चरण अंतर्गत दिनांक 27 से 30 मई 2023 तक सीधी ,मझौली तथा कुसमी ब्लॉक के मात्र मॉडल स्कूल के शिक्षक व प्राचार्यों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान इसके नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा डॉ डी.एन.दुबे पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी डीआरजी के सहयोग से कार्यक्रम को अत्यंत रोचक,प्रभावी तथा परिणामी रूप प्रदान किया। समापन अवसर पर डीईओ डॉ पीएल मिश्रा, सहायक संचालक तथा नोडल अधिकारी डॉ डीएन दुबे, एडीपीसी श्री अशोक तिवारी, योजना अधिकारी श्री आदित्य पांडेय, प्राचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह, प्राचार्य श्री एलबी सिंह, श्री वीरेंद्र सिंह, श्री प्रभारी प्राचार्य श्री सतीश पांडेय, तथा समस्त प्राचार्य व शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

माँ तुझे प्रणाम कार्यक्रम अंतर्गत सीधी की 2 लाड़ली बालिकाएं अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बाघा भ्रमण के लिए रवाना

सीधी। प्रदेश में बालिका जन्म को प्रोत्साहित करने एवं महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही महत्वाकांक्षी लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत शासन द्वारा एक सकारात्मक पहल करते हुए प्रतिवर्ष 2 मई से लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाया जाता है। शासन द्वारा प्रदेश भर में 9 मई से 15 मई तक लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव के अंतर्गत खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा माँ तुझे प्रणाम कार्यक्रम के अंतर्गत माह मई एवं जून में प्रदेश की 120 बालिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय सीमा बाघा-हुसैनीवाला (पंजाब) का भ्रमण कराया जायेगा।

भ्रमण के लिये सीधी जिले से लाड़ली लक्ष्मी योजना में पंजीकृत 2 बालिकाओं को भी सम्मिलित किया गया है। इनमें सिहावल परियोजना से बालिका कुमारी अर्पिता सिंह पिता आनंद बहादुर सिंह की लाड़ली बिटिया तथा रामपुर नैकिन क्रमांक 01 से बालिका कुमारी खुशी कुशवाहा पिता ओमकार कुशवाहा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। बालिकाओं के आने-जाने तथा ठहरने की संपूर्ण व्यवस्था प्रदेश सरकार कर रही है।

साथ ही खेल एवं युवा कल्याण विभाग को नोडल विभाग घोषित कर बालिकाओं की संपूर्ण जबाबदारी सौंपी गई है। मंगलवार 30 मई 2023 को महिला एवं बाल विकास की टीम द्वारा जिले की लाड़ली बेटियों को बाघा भ्रमण के लिए रवाना किया गया।

लाड़ली बेटियों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उन्हें बाघा बार्डर जाने का अवसर मिलेगा। यह सब कुछ मामा शिवराज के कारण ही संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री द्वारा लाड़ली बालिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय सीमा बाघा - हुसैनीवाला (पंजाब) का भ्रमण कराने की पहल से बालिकाओं के परिजनों में हर्ष का माहौल है।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी (म.प्र.)

क्रमांक 1045/भण्डार/ग्रा.या.से./2023 सीधी, दिनांक 15/5/2023

प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1047 / भण्डार / ग्रा. यां.से., /2023 सीधी, दिनांक 15.05.2023 द्वारा विभाग के माध्यम से विभागीय रूप से कराये जा रहे 16 कार्यों में लगने वाली सामग्री के क्रय हेतु दिनांक 06.06.2023 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निविदाएँ आमंत्रित की गई है, एवं निविदा प्रपत्र का विक्रय दिनांक 05.06.2023 को सायं 5:00 बजे तक अवकाश के दिनों को छोड़कर किया जावेगा। कार्यों में लगने वाली समग्री एवं अन्य विवरण दिनांक 05.06.2023 तक किसी भी दिन कार्यालयीन दिवस पर कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सभाग
सीधी (म.प्र.)

SSDH/19405/2023

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सीधी (म.प्र.)

क्रमांक/ 144/आर. एम. एस. ए./ 2023 सीधी, दिनांक 30.05.2023

विज्ञापन सूचना

आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल के पत्र क्रमांक / 1476 भोपाल दिनांक 18.07.2022 में दिये गये निर्देश के अनुक्रम में जिन बालिका छात्रावासों में वार्डन के प्रभार का कार्यकाल तीन वर्ष पूर्ण हो चुका है वहाँ वार्डन का प्रभार बदला जाना है बालिका छात्रावास टिकरी, रामपुर नैकिन, सेमरिया, अमिलिया टमसार में वार्डन के अतिरिक्त प्रभार हेतु पूर्णतः अस्थाई रूप से कार्य किए जाने हेतु विद्यालय / विकासखण्ड के शासकीय माध्यमिक/हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी शालाओं में पदस्थ इच्छुक महिला शिक्षक अध्यापक, शिक्षक, वरिष्ठ अध्यापक, सहायक अध्यापक से निम्न शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

1. प्रथमतः चयनित विद्यालय की कक्षा 9 से 12 वी में अध्यापन कराने वाली महिला शिक्षिकाओं से वार्डन के पद पर कार्य करने की सहमति प्राप्त कर प्रभार दिया जावेगा।
2. एक से अधिक शिक्षिकाओं की सहमत प्राप्त हो तो प्राथमिकता का क्रम विषयमान से सर्वप्रथम अंग्रेजी तदपुरत गणित, विज्ञान, हिन्दी, संस्कृत, समाजिक विज्ञान विषय की शिक्षिका को प्रभार दिया जावेगा।
3. यदि हायर सेकेण्ड्री विद्यालय में महिला शिक्षिका उपलब्ध न हो तो अस्थायी व्यवस्था के रूप में प्राथमिक अथवा माध्यमिक में अध्यापन कराने वाली महिला शिक्षिका को प्रभार दिया जावेगा।
4. वार्डन को छात्रावास में ही रहना होगा तथा समस्त व्यवास्थार सुनिश्चित करनी होगी।
5. वार्डन को अतिरिक्त कार्य हेतु प्रतिमाह 5000 की राशि बालिका छात्रावास के मद से प्रदान की जावेगी ।

इच्छुक महिला शिक्षिका अपना आवेदन पत्र दिनांक 05.06.2023 को समय 4:00 बजे अपरान्ह तक संबंधित छात्रावास टिकरी रामपुर नैकिन सेमरिया अमिलिया टमसार में प्राचार्य / वार्डन के पास जमा कर पावती प्राप्त करें।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सीधी (म.प्र.)

SSDH/19406/2023

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 106 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

सीधी। जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 106 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देश पर आवेदकों को तत्काल पावती भी उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर श्री मालवीय ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि जिन आवेदन पत्रों में समय सीमा निर्धारित किया जाता है उसको तत्काल विभाग प्रमुख अपने संज्ञान में लेकर निराकरण कर संबंधित शिकायतकर्ता सूचित करें।

जनसुनवाई में हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों की पहचान करें

तथा उनका समाधान करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री मालवीय ने कहा कि शासन द्वारा लोगों की समस्या के त्वरित निराकरण करने की मंशा से जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसे पूरी गंभीरता से लें तथा प्राप्त समस्याओं का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करायें।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

संजय टाइगर रिजर्व में जल्द आयेंगे भारतीय गौर

सीधी। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से पहली बार भारतीय गौर यानि बाइसन संजय टाइगर रिजर्व सीधी भेजे जाएंगे। पार्क में विलुप्त हो चुके बायसन को दोबारा बसाने के लिए इस प्रोजेक्ट पर कार्य तेजी से जारी है। एसटीआर और कान्हा के बाइसन संजय टाइगर पार्क की शान बढ़ाएंगे। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और कान्हा नेशनल पार्क से करीब 50 बायसन भेजने की तैयारी है। बायसन को भेजने के बाद पार्क में कुनबा बढ़ाने पर कार्य होगा।करीब एक महीने के अंदर सतपुड़ा रिजर्व से 15 और कान्हा टाइगर रिजर्व से 35 बायसन भेजे जाएंगे। एक नर बायसन के साथ तीन मादा बायसन को रखने की योजना है। बायसन के अनुकूल पार्क का जंगल, समतल मैदान, बड़े-बड़े चारागाह, पीने के लिए पानी भी है। घास के मैदान के साथ बारहमासी नदियां बायसन को रास आएंगी।जंगली मवेशियों के बीच सबसे बड़ी प्रजाति, भारतीय बायसन जिसे गौर भी कहा जाता है। जो काफी मोटे और बड़े होते हैं। मप्र के जंगलों में बायसन रहते है। प्रदेश में सबसे ज्यादा करीब 5 हजार बाइसन सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में है। एसटीआर के फील्ड डायरेक्टर एल कृष्णमूर्ति ने बताया कि

एसटीआर में ही करीब 5 हजार बायसन हैं। जो मप्र में सबसे ज्यादा है। पहली बार एसटीआर से 15 बायसन को संजय टाइगर रिजर्व भेजा रहा है।संजय टाइगर रिजर्व में करीब 1998 के बाद बायसन नहीं देखे गए थे। 25 साल बाद पार्क में बायसन नजर आएंगे। एसटीआर और कान्हा के बायसन पार्क की शोभा बढ़ाएंगे। भारतीय गौर की आबादी को पुनर्जीवित करने के लिए संजय दुबरी टाइगर रिजर्व में फिर से बायसन को लाया जा रहा है।भारतीय गौर यानी कि बायसन काफी बड़े व मोटे होते है। जंगली भैंस की तरह होते है। यह हमेशा झुंड में रहते हैं। भारतीय गौर को इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर रेड लिस्ट में असुरक्षित के रूप में चिह्नित किया गया है।

फरार स्थाई वारंटियों के तामीली हेतु उनके विरूद्ध की गई नगद पुरस्कार की घोषणा

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया विभिन्न न्यायालयों से तामीली हेतु स्थायी वारंट प्राप्त हुये है, किन्तु थाना स्तर पर हर संभव प्रयास के बावजूद स्थायी वारंटो की तामीली नही हो पा रही है। लंबित स्थाई वारंटो की समीक्षा की जाकर लम्बे समय से फरार स्थाई वारंटियों को तामील कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु नगद पुरूस्कार की घोषणा की गई।स्थाई वारंटी संजय उर्फ टिम्पा पिता अशोक सिंह निवासी, सिम्पलेक्स कॉलोनी विन्ध्यनगर के विरूद्ध पॉच सौ रूपये नगद, राजेश कोल पिता लल्ला कोल उम्र 25 वर्ष निवासी बलिया नाला जयंत के विरूद्ध पॉच सौ रूपये नगद पुरूस्कार की घोषणा की गई। वहीं स्थाई वारंटी राहुल उर्फ समदर्शी पिता भानू प्रताप दुवे उम्र 24 वर्ष निवासी जुवाडी थाना विन्ध्यनगर के विरूद्ध पॉच सौ रूपये नगद पुरस्कार की घोषणा की गई। स्थाई वारंटी इन्द्रश कुमारी तिवारी पिता राकेश तिवारी उम्र 32 वर्ष निवासी तेलगवॉ थाना विन्ध्यनगर के विरूद्ध पॉच सौ रूपये नगद पुरस्कार की घोषणा की गई। पुलिस प्रशासन की ओर से यह आश्वस्त किया गया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम, पता गुप्त रखा जायेगा।

100 सीसी ऑनरेक्स कफ सिरफ के साथ आरोपी गिरफ्तार

सीधी। पुलिस कप्तान सीधी डॉ.रविन्द्र वर्मा भापुसे के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी सुश्री अंजुलता पटले व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मुख्यालय नारायण कुमरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध नशे के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 475/23 धारा 8/21,22 एनडीपीएस एक्ट में फरार अरोपियानो को स्कूटी व 100 सीसी ऑनरेक्स कफ सिरफ के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दिनांक 29 मई 2023 को देहात भ्रमण के दौरान थाना प्रभारी कोतवाली को जरिये मुखविर सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 475/23 धारा 8/21,22 एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी अंकित लखेरा अमहा तरफ घूम रहा है तब मौके से जाकर उसे गिरफ्तार किया गया। जिसने बताया कि उसके द्वारा पटेलपुल निवासी आकाश गुप्ता से कुल 4 पेटी नशीली कफ सिरप लिया था जिसे बेचने के लिए 2 पेटी आदर्श उर्फ यश सेन,आरिफ खान व आशिक खान को बेचने को दिया था जो पता तलास कर उक्त 3 नफर अरोपियानो को मय स्कूटी व 100 सीसी ऑनरेक्स कफ सिरफ के साथ गिरफ्तार किया गया। बाद में तस्कर आकाश गुप्ता को भी गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपियों में अंकित लखेरा, आदर्श सेन,आरिफ खान, आशिक खान,आकाश गुप्ता शामिल हैं।

डिहुलीखास गांव में महिला के प्रायवेट पार्ट में डाली गई लाठी, गंभीर

अमिलिया थाना क्षेत्र का मामला

सीधी। जिले के अमिलिया थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत डिहुली खास में शौंच के लिए आज सुबह घर से निकली महिला के प्रायवेट पार्ट में लाठी डालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों द्वारा काफी निर्दयता के साथ महिला के सीने में बड़ा पत्थर भी रख दिया गया था। काफी देर तक महिला के घर न लौटने पर परिजनों ने जब खोज-खबर ली तो वह बेहोसी हालत में मिली। महिला को पुलिस द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमिलिया पहुंचाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार डिहुलीखास निवासी 35 वर्षीय महिला आज सुबह करीब 4 बजे शौंच के लिए घर के शौंचालय में गई थी। काफी देर तक उसके न लौटने पर घर की अन्य महिलाओं ने खोजबीन की तो वह शौंचालय में बेहोसी हालत में पड़ी हुई थी तथा उसके सीने के ऊपर बड़ा पत्थर रखा हुआ था। महिलाओं ने पत्थर हटाकर हल्ला गुहार मचाया। कुछ समय बाद उसे होस आया तो उसने प्रायवेट पार्ट में लाठी डालने की बात बताई। महिलाओं ने

देखा तो करीब एक फीट की लकड़ी डाली गई थी। जिसे बाहर निकाला गया। अमिलिया थाना पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचकर विवेचना शुरू कर दी गई। आरोपी परिवार के ही बताए जा रहे हैं। जिनके द्वारा रंजिशन इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है। महिला को जिला अस्पताल में लाने पर पुलिस की महिला अधिकारियों द्वारा बयान लेकर एफआईआर दर्ज करनें की कार्यवाई की जा रही है।

इनका कहना है-

पुलिस द्वारा महिला को एंबुलेंश से अमिलिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। इस मामले में सीधी में ही बयान लेकर एफआईआर दर्ज करनें की कार्यवाई की जा रही है। जिन आरोपियों के नाम प्रारंभिक रूप से सामने आए हैं उनसे पूंछतांछ की जा रही है।

इंदरेश टांडिया, उप निरीक्षक अमिलिया

सीधी विधायक के प्रयासों से सीधी को मिली रिंगरोड की मंजूरी, मिला 85 करोड़ से ज्यादा का बजट

सीधी। सीधी विधायक केदारनाथ शुक्ला के अथक प्रयास से सीधी जिले को एक बार फिर बड़ी सौगात मिली है। शहर के उत्तरी सीमा से बाईपास रोड सेंसन की हरी झंडी मिल गई है। सीधी का यह रिंगरोड विंध्य रीजन का शायद पहला रिंगरोड होगा जो सीधी के लिये बड़ी सौगात हांसिल हुई है। सीधी क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने वाले सीधी विधायक केदारनाथ शुक्ला के प्रयास से जिले को बड़ी सौगात मिली है। यहां सीधी नगर के रेलवे स्टेशन के उत्तरी क्षेत्र से जमोड़ी कला से जोगीपुर बाईपास मार्ग जिसकी घोषणा पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी को स्वीकृति मिल गई है। इस मार्ग की कुल लंबाई 13.92 किलोमीटर है और कुल लागत 8570.73लाख रुपए है। अभी तक सीधी जिले के दक्षिणी छोर में बाईपास सड़क गुजरी थी लेकिन उत्तरी छोर से आने वाले वाहनों की भीड़ शहर से होकर गुजरती थी इसके अलावा उत्तरी छोर के कई गांवो में सड़क की आवश्यकता को देखते हुए लगातार सीधी विधायक द्वारा प्रयास किए जा रहे थे और आखिरकार उनके प्रयास और मेहनत रंग लाई और जिले के उत्तरी क्षेत्र में प्रस्तावित रेलवे स्टेशन के उत्तर जमोड़ी कला से जोगीपुर तक बाईपास सड़क को स्वीकृति मिल गई है और जल्द ही इस पर कार्य भी शुरू हो जाएगा।

युवा उत्सव कार्यक्रम में विजेताओं को किया पुरस्कृत

सीधी। नेहरू युवा केन्द्र सीधी ''युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार'' द्वारा कमला कॉलेज पड़रा सीधी में जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा उत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज शर्मा प्रबन्ध निदेशक गणेश ग्रुप आफ इन्स्टीयूट एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. एम.एस.बाघेल वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी तथा विशिष्ट अतिथि एच.एस. पाण्डेय प्रशासनिक अधिकारी गणेश ग्रुप, के.के. तिवारी प्राचार्य कमला कॉलेज सीधी तथा कार्यक्रम के आयोजक कुलदीप सिंह जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र सीधी रहे।

कुलदीप सिंह जिला युवा अधिकारी कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में कुल पांच विधाऐ चित्रकला, काव्य लेखन, भाषण प्रतियोगिता, मोबाईल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, लोक नृत्य समूह हैं। जिसमें प्रथम द्वितीय,एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत किया

जाएगा और प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर अपने कला का प्रदर्शन करने का मौका भी प्राप्त होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज शर्मा प्रबन्ध निदेशक गणेश ग्रुप आफ इन्स्टीयूट द्वारा युवाओं को शुभकामनाऐं देकर कहा कि युवाओं में प्रतिभा की कमी नही है, उन्हें सिर्फ अवसर उपलब्ध कराए जाने की अवश्यकता हैं। युवा उत्सव कार्यक्रम युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए बेहतर माध्यम है। सभी मंचासीन अतिथियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता के प्रथम स्थान प्रांशू जायसवाल, द्वितीय स्थान साक्षी वाधवानी, तृतीय स्थान अहमद अली, कविता लेखन प्रथम स्थान में स्वेता द्विवेदी द्वितीय स्थान अनंत मिश्रा तृतीय स्थान स्वराजधर द्विवेदी, मोबाईल फोटोग्राफी में प्रथम स्थान दिव्यकांता श्रीवास्तव द्वितीय स्थान स्वाती द्विवेदी तृतीय स्थान गौरव वर्मा, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति जायसवाल द्वितीय स्थान सुषमा तिवारी तृतीय स्थान रोशन अवधिया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान टीम नं. 06 अंजली सोंधिया बगैरह, द्वितीय स्थान टीम नं. 02 राधा सिंह बाघेल बगैरह, तृतीय स्थान टीम नं. 04 अनुराधा सिंह बगैरह रही। जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम मे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अदा कर रहे। पुष्पराज सिंह बाघेल प्राचार्य सरस्वती हा.से. स्कूल मड़रिया सीधी, धीरेन्द्र कुमार शुक्ला सहायक प्राध्यापक कमला स्मृति महाविद्यालय सीधी एवं मणिका पाण्डेय संगीत शिक्षण संस्थान सीधी। कविता लेखन प्रतियोगिता में नरेन्द्र कुमार मिश्रा सहायक प्रध्यापक कमला स्मृति महा वि.सीधी, प्रकाश नारायण सिंह सहायक प्रध्यापक कमला स्मृति महा वि.सीधी एवं धनन्जय सिंह वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी, मोबाईल फोटोग्राफी प्रतियोगिता में मंगलेश्वर गुप्ता सहायक प्रध्यापक कमला स्मृति महा वि.सीधी, प्रदीप सोनी सहायक प्रध्यापक कमला स्मृति महा वि.सीधी ,अंकिता सेन माउंटेन क्रु सीधी एवं भाषण प्रतियोगिता में मनोज कुमार द्विवेदी सहायक प्रध्यापक कमला स्मृति महा वि.सीधी, जीतेन्द्र गुप्ता शिक्षक सर्वोदय विद्या मन्दिर सीधी, स्वेता सिंह प्रबन्ध निदेशक ज्योत्सना प.हा.से.स्कूल सीधी, चित्रकला प्रतियोगिता में डॉ. निशार अहमद नूरी सहायक प्रध्यापक कमला स्मृति महा वि.सीधी , मानिन्द्र शेर अली खान जिला खेल प्रशिक्षक खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी एवं विनय त्रिपाठी सहायक प्रध्यापक कमला स्मृति महा वि.सीधी का सहयोग सराहनीय रहा।

बस की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल

बस को अमिलिया पुलिस ने किया जप्त

सीधी। अमिलिया थाना अंतर्गत ग्राम सोनवर्षा बहेरा में आज दोपहर बस से उतर रही महिला हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला का एक पैर क्षतिग्रस्त हो गया। बुजुर्ग महिला हादसे के बाद सड़क में ही गिरकर बेहोस हो गई। बताया गया है कि बुजुर्ग महिला सजवानी निवासी है और हादसे के वक्त वह ग्राम बहेरा में बस से उतरक अपनी लड़की के यहां जाने के लिए सड़क क्रास कर रही थी। उसी दौरान शक्ति बस के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक

महिला को ठोकर मार दिया गया। हादसे के बाद चिलचिलाती धूप में गर्म सड़क में महिला के बेहोसी हालत में गिरने पर वहां से गुजर रही कुछ महिलाओं ने छाता लगाकर छांव की व्यवस्था बनाई। बाद में सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमिलिया पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल सीधी के लिए रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सजवानी निवासी सोनिया साहू पति लखपत साहू उम्र 65 वर्ष आज दोपहर अपनी लड़की के घर जाने के लिए बस से बहेरा गांव में उतरी थी। वहां से सड़क को क्रास कर रही थी। उसी दौरान वह बस की चपेट में आ गई। अमिलिया थाना पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर बस को जप्त कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया है। मामले की विवेचना पुलिस द्वारा की जा रही है। उधर प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि बुजुर्ग महिला बस से उतरने के बाद तेज धूप में सड़क को क्रास कर रही थी उसी दौरान आरोपी चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक बस से ठोकर मार दिया गया। बस की चपेट में आते ही महिला बेहोस होकर सड़क में गिर गई। जिसके बाद लोगों की काफी भीड़ मौके पर जमा हो गई। महिला के बेहोस होने के कारण लोग उसको धूप से बचाने के लिए तरह-तरह की जतन करते रहे। छाता लगाकर भी महिला को तेज धूप से बचाया गया। पुलिस के पहुंचने के बाद एंबुलेंश से महिला को अस्पताल ले जाया गया।

तेज आंधी के कारण बिजली का तार टूटा, करंट से मवेशियों की मौत

सीधी। बीते दो-तीन दिनों से सीधी जिले भर में आंधी, तूफान, बारिश, ओलावृष्टि का आलम है। इसी के चलते कल चुरहट क्षेत्र में बिजली का तार गिरने से उसके करंट के चपेट में आने से 4 मवेशियों की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार चुरहट नगर परिषद के अंतर्गत गुरदासपुर के पास कल तेज आंधी आने के कारण बिजली का तार टूट जाने से तार में फंसकर करंट की चपेट में आने से मवेशियों की मौत हो गई। हमारे संवाददाता द्वारा बताया गया कि इस घटना में चुरहट निवासी राम निहोर साहू की 1 गाय, नर्मदा साहू की 1 भैंस, 2 गाय कुल मिलाकर 4 मवेशियों की मौत हो गई। जिन-जिन लोगों

के मवेशियों हैं उन्होंने जब इधर-उधर से जानकारी प्राप्त की तब उन्हें अपने मवेशियों की मौत का पता चला कि बिजली के करंट लगने के कारण ये मौत हो गई है। मवेशियों के मालिकों द्वारा तत्काल चुरहट थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।

कांग्रेस सशक्त नारी समृद्धि नारी के लिए प्रतिबद्धः बृजभूषण शुक्ला

सीधी विधानसभा अंतर्गत सभी ब्लॉकों में नारी सम्मान योजना संबंध में आवश्यक बैठक संपन्न

सीधी। विधानसभा के सीधी शहर कुचवाही बरमबाबा सेमरिया ब्लॉक में नारी सम्मान योजना के फॉर्म भराने को गति देने एवं बूथ स्तर तक योजना को ले जाने के संबंध में तैयारी बैठक मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त जिला प्रभारी श्री बृजभूषण शुक्ला के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में सभी ब्लाक अंतर्गत पदाधिकारी एवं बीएलए मौजूद रहे जिन्हें बूथ स्तर पर प्रत्येक घर में महिलाओं से नारी सम्मान योजना का फॉर्म भराने एवं उन्हें कांग्रेस की महत्वकांक्षी घोषणा जिसमें हर महिला को 15 सौ रुपए प्रतिमाह यानी 18000 रुपए सालाना देने के साथ गैस सिलेंडर रुपए 500 में उपलब्ध कराने को लेकर घर घर

पहुंच कर हर महिला तक यह संदेश पहुंचाने के संबंध में निर्देशित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी बृजभूषण शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करती है हम अपने दिए प्रत्येक वचन को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और कांग्रेस द्वारा दिया गया प्रत्येक वचन हर हाल में पूरा होगा आप सबको मैं विश्वास दिलाता हूं। बीएलए साथियों को निर्देशित करते हुए जिला प्रभारी ने कहा कि आप सब अपने बूथ पर प्रत्येक घर में जाकर सभी महिलाओं को कांग्रेस की इस घोषणा की जानकारी विधिवत रूप से दें साथ ही फॉर्म भराने का कार्य किया जाए और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा उपलब्ध कराए गए नंबर पर मिस कॉल कर प्रक्रिया पूरी की जाए।

कार्यक्रमानुसार इनकी रही विशेष उपस्थिति

पूर्व मंत्री कमलेश्वर द्विवेदी,पूर्व अध्यक्षगण चिंतामणि तिवारी आनंद सिंह रूद्र प्रताप सिंह बाबा पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह भदोरिया पूर्व नपा अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू,संगठन मंत्री दया शंकर पांडे महामंत्री नवीन सिंह,प्रवक्ता आकाश राज पाण्डेय पंकज सिंह दिनेश पाठक युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दादू,भूपेंद्र सिंह बाके अवधिया राजबहोर जयसवाल अब्दुल मजीद दिलीप सितानी धीरेश सिंह विक्रम सिंह जय सिंह अखंड प्रताप सिंह संदीप उपाध्याय भूपेंद्र सिंह नन्हे देवेंद्र मिश्रा गुड्डू अजीत सिंह राम दुलारे चतुर्वेदी गोविंद प्रसाद गुप्ता मनोज सिंह जान आलम रोहित मिश्रा रामेंद्र सिंह बाबा जय सिंह,ब्लॉक सीधी शहर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह महेंद्र कुचवाही ब्लॉक के अध्यक्ष लालवेंद्र सिंह कार्यकारी अध्यक्ष यज्ञराज साहू बरमबाबा के कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष रविनाथ गोस्वामी राणा प्रताप सिंह जगदीश तिवारी भारत लाल वर्मा संकर्षण सिंह राघव प्रसाद गुप्ता वंशराज सिंह रामशरण कोल गजेंद्र सिंह मार्तंड सिंह दलबहादुर सिंह प्रदुमन मिश्रा बलराम सिंह जितेंद्र सिंह भुवनेश्वर जयसवाल विनोद विश्वकर्मा दिनेश कुमार दुर्गा प्रसाद मिश्रा विक्रमादित्य सिंह शशि सिंह छोटेलाल प्रजापति संतलाल भुजवा अंबिका यादव रावेंद्र गुप्ता बैजनाथ नैवैत सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी ब्लॉक मंडलम सेक्टर बूथ बीएलए साथी कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

सम्पादक, प्रकाशक तथा मुद्रक-पद्मधर पति त्रिपाठी द्वारा अधिकार प्रेस (आफसेट प्रिन्टर्स) नियर विकास भवन सीधी-486661 मध्यप्रदेश से मुद्रित कर ''समय'' प्रेस भवन, नियर विकास भवन सीधी-486661 मध्यप्रदेश से प्रकाशित।
संस्थापक -स्व.कार्तिकेय पति त्रिपाठी दूरभाष-सम्पादकीय-07822-252343, विज्ञापन-9303809000 फैक्स- 07822-356081 आरएनआई. पंजीयन क्र.- 6137/59, स्थानीय संपादक -कुशाग्र पति त्रिपाठी